(अ) तुमने अखबार पढ़ा। (ब) तुम्हारे द्वारा अखबार पढ़ा जाता है।
(स) तुम अखबार पढ़ोगे। (द) तुम अखबार पढ़ चुके हो।

44. इनमें से किस वाक्य में 'कर्मवाच्य' है? (कनिष्ठ लेखाकार-2015)
(अ) चिट्ठी भेजी गई। (ब) लड़का दौड़ रहा था।
(स) श्याम चिट्ठी लिखेगा। (द) लड़का पुस्तक पढ़ता है।

45. किस वाक्य में 'भाव-वाच्य' है? (कनिष्ठ लेखाकार-2013)
(अ) पतंग बहुत अच्छी नहीं उड़ रही है। (ब) मुझसे अब चला नहीं जा रहा है।
(स) सुमन खाना नहीं बना रही है। (द) रमा ने दवा दे दी है।

46. इनमें 'कर्तृवाच्य' से संबंधित वाक्य है— (एलडीसी आरपीएससी-2014)
(अ) आरामशीन से लकड़ी काटी जा रही है। (ब) भारत ने एक नया उपग्रह छोड़ा।
(स) लोगों से वह करुण दृश्य नहीं देखा गया। (द) वृद्ध से चला नहीं गया।

47. निम्नलिखित में से 'कर्मवाच्य' से संबंधित वाक्य कौनसा है?
(अ) किसान खेत जोत रहा था। (ब) छात्र अखबार पढ़ रहे हैं।
(स) मुझसे खाना नहीं बनाया गया। (द) वृद्धा रोटी नहीं खा सकी।

48. इनमें से किस वाक्य में 'कर्मवाच्य' नहीं है?
(अ) महिलाओं द्वारा गीत गाये जा रहे थे। (ब) मुझसे पुस्तक नहीं पढ़ी गई।
(स) बच्चों द्वारा पुस्तक पढ़ी जा रही थी। (द) लड़के से रोया नहीं गया।

49. इनमें से किस वाक्य में 'भाववाच्य' है?
(अ) गर्मियों में रोज नहाया जाता है। (ब) नानी द्वारा कहानी सुनाई गई।
(स) मैं अब और नहीं लिख सकता। (द) विद्यार्थी देर तक पढ़ते हैं।

50. 'कर्तृवाच्य' का प्रयोग नहीं हुआ है— (एलडीसी आरपीएससी-2011)
(अ) अखबार पढ़े जाते हैं। (ब) कुत्ता सारी रात भौंकता रहा।
(स) माली बगीचे में फूल तोड़ रहा है। (द) विराज स्कुल से आ रहा है।

51. 'कर्मवाच्य' का उदाहरण वाक्य है—
(अ) किसानों द्वारा फसल काट ली गई है। (ब) बच्चे घर जा रहे हैं।
(स) धावकों से दौड़ा नहीं गया। (द) राम ने खाना खाया।

52. 'भाववाच्य' का प्रयोग नहीं हुआ है—
(अ) धूप में चला नहीं जाता। (ब) मुझसे यह बोझ उठाया न जायेगा।
(स) मुझसे बैठा नहीं जाता। (द) राम से खाया नहीं जाता।

Scanned with CamScanner

53. 'कर्मवाच्य' प्रधान वाक्य है— (APO-2015)
(अ) मैंने केले खाए। (ब) वह जा रहा है।
(स) राम खेलता है। (द) मोहन से पत्र नहीं लिखा जाता।

54. किस वाक्य में क्रिया रूप 'कर्मवाच्य' में है?
(अ) उससे चला नहीं जा रहा। (ब) लड़का दूध पीता है।
(स) बच्चे द्वारा पत्र लिखा गया। (द) वह स्कूल जाएगा।

55. किस वाक्य में क्रिया रूप 'भाववाच्य' में है?
(अ) दादी कहानी सुनाएगी। (ब) बच्चों ने चित्र बनाए। (स) मैं व्यायाम करता हूँ।
(द) गला खराब होने के कारण उससे गाया नहीं जाता।

56. किस वाक्य में क्रिया 'भाववाच्य' में है?
(अ) आँखों में दर्द के कारण मुझसे पढ़ा नहीं जाता। (ब) बच्चा रो रहा है।
(स) पुलिस ने चोर को पकड़ लिया। (द) माँ बच्चे को समझा रही हैं।

57. निम्नलिखित में से कौनसा 'भाववाच्य' का उदाहरण है?
(अ) तुम चले जाओ। (ब) बच्ची से चला नहीं जाता।
(स) पुस्तक कौन पढ़ेगा। (द) मंदिरा रोज घुमने जाती है।

58. इनमें कौनसा कथन **सही नहीं** है? (SI-2018)
(अ) कर्तृवाच्य अकर्मक एवं सकर्मक-दोनों क्रियाओं में होता है।
(ब) कर्मवाच्य भी अकर्मक एवं सकर्मक-दोनों क्रियाओं में होता है।
(स) भाववाच्य केवल अकर्मक क्रियाओं में होता है।
(द) सभी प्रेरणार्थक क्रियाएँ सकर्मक होती हैं।

59. इनमें से किस वाक्य में 'कर्तृवाच्य' का प्रयोग हुआ है?
(अ) छात्रों द्वारा सजावट की गई। (ब) रिद्धीश पुस्तक पढ़ रहा है।
(स) मजदूर से दर्द के कारण उठा नहीं गया।
(द) आज नागरिकों द्वारा सफाई अभियान चलाया गया।

60. किस वाक्य में 'कर्मवाच्य' नहीं है
(अ) उससे खाना नहीं खाया गया।
(ब) छात्र द्वारा पुस्तक पढ़ी गई।
(स) दोषी व्यक्ति द्वारा क्षमायाचना की गई
(द) बालक खिलखिलाकर हँस रहा था

61. 'भाववाच्य' से संबंधित वाक्य है—
(अ) लोग खुलकर हँस रहे थे।
(ब) सर्दियों में रोज नहाया नहीं जाता।
(स) वृद्ध आराम से बैठ नहीं सकता।
(द) 'रामचरितमानस' ग्रंथ तुलसी द्वारा लिखा गया।

Scanned with CamScanner

62. निम्नलिखित में से गलत विकल्प है—(LDC-12.8.2018)
(1) मजदूर लकड़ी काट रहा है।—कर्तृवाच्य
(2) मैं प्रतिदिन गीता पाठ करती हूँ।—कर्तृवाच्य
(3) मैं इस गर्मी में नहीं सो सकता।—कर्मवाच्य
(4) मुझसे इतना दुःख नहीं सहा जाता।—भाववाच्य

63. निम्नलिखित में से कौनसा वाक्य **'कर्तृवाच्य'** नहीं है?
(1) कैदी रिहा कर दिये जायें। (2) प्रेमचन्द ने गोदान लिखा।
(3) ट्रक ने सारा सामान पहुँचा दिया। (4) राधा लिख नहीं पाती।

64. निम्नलिखित वाक्यों में से **'कर्तृवाच्य'** नहीं है—
(1) पुस्तक पढ़ी जाती है। (2) रमा सितार बजाती है।
(3) वह पत्र लिखता है। (4) रिद्धिमा पुस्तक पढ़ती है।

65. 'भगवान द्वारा हमारी रक्षा की जाती है।' वाक्य में वाच्य है—
(1) कर्तृवाच्य (2) कर्मवाच्य (3) भाववाच्य (4) कर्मधारय वाच्य

66. निम्न में से **'कर्तृवाच्य'** वाक्य है—
(1) छात्रों द्वारा कुर्सी तोड़ डाली गयी
(2) दरवाजे पर ताला लगा दिया जाये
(3) पुस्तक अलमारी में रखी जाती है।
(4) रावण ने सीता का हरण किया।

67. निम्नलिखित में से **'कर्मवाच्य'** वाला वाक्य नहीं है—
(1) तुम्हें गणित किसने पढ़ाया (2) बाहर किसने आवाज दी
(3) दुकान से सामान लाया जाए (4) आदेश दिया जाये

68. 'आदेश का पालन किया जाए' वाक्य में प्रयुक्त वाच्य है—
(1) कर्तृवाच्य (2) कर्मवाच्य (3) भाववाच्य (4) कोई नहीं

69. 'क्या वे लिखेंगे?' वाक्य का **'भाववाच्य'** में परिवर्तित रूप है—
(1) क्या वह लिखेगा? (2) क्या वे लिख सकते है?
(3) क्या वे लिख सकेंगे? (4) क्या उनसे लिखा जाएगा?

70. इनमें से सही कथन चुनिए— (LDC-9.9.2018)
(1) कर्मवाच्य में सकर्मक क्रियाओं का प्रयोग नहीं होता।
(2) कर्तृवाच्य में केवल सकर्मक क्रियाओं का प्रयोग किया जाता है।
(3) कर्मवाच्य में सकर्मक एवं अकर्मक दोनों क्रियाएँ प्रयुक्त होती हैं।
(4) भाववाच्य में अकर्मक क्रियाओं का प्रयोग किया जाता है।

71. 'विराज के द्वारा पत्र लिखा गया,' यह उदाहरण किस वाच्य का है?
(1) कर्तृवाच्य (2) कर्मवाच्य (3) भाववाच्य (4) कोई नहीं

Scanned with CamScanner

72. निम्नलिखित वाक्यों में से किस वाक्य में '**कर्मवाच्य**' है?
(1) कमीज दर्जी द्वारा सिल दी गई। (2) लड़की सिलाई सीख रही है।
(3) राम पुस्तक पढ़ रहा है। (4) शिक्षक ने विद्यार्थी की प्रशंसा की।

73. '**कर्मवाच्य**' का उदाहरण वाक्य है—(1) मुझसे पत्र पढ़ा नहीं जाता।
(2) मैं नहीं पढ़ता। (3) रमेश नहाया। (4) लोग बकते हैं।

74. निम्नलिखित में से '**कर्तृवाच्य**' है—(LDC-16.9.2018)
(1) मैं प्रतिदिन खेलता हूँ। (2) लड़की द्वारा पत्र लिखा जाता है।
(3) बालक से पढ़ा नहीं जाता। (4) संगीता से पत्र लिखा जाता है।

75. निम्नलिखित में से '**भाववाच्य**' वाक्य का चयन कीजिए—
(1) उसके द्वारा भोजन पकाया गया (2) मेरे भाई से लड़ा नहीं जा सका।
(3) मैं उठ नहीं सकता। (4) हमारे द्वारा रास्ता आसानी से पार किया गया।

76. 'आज प्राचार्य द्वारा मधुर गीत गाया गया।' वाक्य का '**कर्तृवाच्य**' में परिवर्तित रूप है—
(1) आज प्राचार्य गीत को गाएँगे।
(2) आज प्राचार्य ने मधुर गीत गाया
(3) आज प्राचार्य मधुर गीत गाएँगे।
(4) प्राचार्य द्वारा आज गाया गीत मधुर था।

77. कर्तृवाच्य में क्रिया के लिंग, वचन व पुरुष का रूप किस शब्द से प्रभावित होता है? (1) कर्ता से (2) कर्म से (3) क्रिया से (4) संज्ञा से

78. किस वाक्य में '**भाववाच्य**' का प्रयोग हुआ है? (JLO-2019)
(1) कुलियों ने सामान नहीं उठाया। (2) दादी से चला नहीं जाता।
(3) मैंने दरवाजा नहीं खोला। (4) मोहन ने खाना नहीं खाया।

Scanned with CamScanner

विगत परीक्षाओं में 'वाक्य-रचना' अध्याय से आए प्रश्न

1. निम्नलिखित में से '**क्रिया विशेषण**' उपवाक्य है— **(PSI-2011)**
   (1) कविता ने कहा कि सुनीता ने शादी कर ली।
   (2) जब बारिश हो रही थी तब मैं घर में था।
   (3) मेरी इच्छा है कि मैं एक उपन्यास लिखूँ।
   (4) मेरे पास एक गुड़िया है जो नाचती है।

2. '**मयंक सुंदर है, वह हँसमुख भी है।**' इस वाक्य का सरल वाक्य में रूपान्तरण होगा—
   (1) मयंक सुंदर और हँसमुख है।
   (2) मयंक सुंदर है तथा हँसमुख भी है।
   (3) मयंक सुंदर है लेकिन हँसमुख है।
   (4) मयंक सुंदर भी है और हँसमुख भी।

3. '**छात्रों ने परिश्रम किया, वे उत्तीर्ण हो गए।**' इस वाक्य का मिश्र वाक्य में रूपान्तरण होगा—
   (1) छात्र परिश्रम करके उत्तीर्ण हो गए।
   (2) छात्रों ने परिश्रम किया और उत्तीर्ण हो गए।
   (3) जिन छात्रों ने परिश्रम किया वे उत्तीर्ण हो गए।
   (4) परिश्रम करने वाले छात्र उत्तीर्ण हो गए।

4. निम्नलिखित में से '**इच्छार्थक वाक्य**' है—
   (1) आज महाविद्यालय में अवकाश है। (2) तुमने सुना होगा।
   (3) तुम्हारा मंगल हो। (4) सौरभ को बुलाओ।

5. इनमें वाक्य-रचना से संबंधित कौन-सा कथन सही नहीं है?
   (1) सार्थक शब्द-समूह को '**वाक्य**' कहते हैं। **(AJ-2016)**
   (2) उद्देश्य और विधेय वाक्य के अनिवार्य घटक हैं।
   (3) क्रिया को '**उद्देश्य**' और कर्ता को '**विधेय**' कहते हैं।
   (4) वाक्य में कर्ता और क्रिया का महत्त्वपूर्ण स्थान है।

6. इनमें '**सरल वाक्य**' कौन-सा है?
   (1) उसने राम और श्याम को जाते हुए देखा।
   (2) जब गरमी पड़ती है, तब फसल पकती है।
   (3) जब वह जायेगा, तब सोहन आयेगा।
   (4) मोहन आया और खाना खाकर सो गया।

7. इनमें '**मिश्र वाक्य**' कौन-सा है?
   (1) उसने चार दिन से खाना नहीं खाया।

Scanned with CamScanner

(2) मैं जानता हूँ कि वह घर चला गया है।
(3) चार कमरों के इस मकान में वह अकेला रहता है।
(4) दो लड़के सामने वाले कमरे में व्याकरण की पुस्तक पढ़ रहे हैं।

8. इनमें **'संयुक्त वाक्य'** कौन-सा है ?
(1) इस बार अच्छी बरसात हुई है।
(2) राम और श्याम मिलकर पढ़ते हैं।
(3) मैं आगे बढ़ गया और वह पीछे रह गया।
(4) कर्मचारियों का आंदोलन तीन दिन से चल रहा है।

9. इनमें **'आज्ञार्थक वाक्य'** कौन-सा है ?
(1) भारत एक महान देश है।
(2) उसने सबको आमंत्रित किया होगा।
(3) वह अपना काम पूरा नहीं कर पाया।
(4) आपको यह कार्य तुरंत कर लेना चाहिए।

10. **'वह अच्छा खेला परंतु हार गया'** यह वाक्य किस प्रकार का है?
(1) सरल वाक्य (2) मिश्रित वाक्य **(JLO-2014)**
(3) संयुक्त वाक्य (4) निषेधात्मक वाक्य

11. **वाक्य के दो प्रमुख अवयव होते हैं—**
(1) उद्देश्य और विधेय (2) कर्त्ता और क्रिया
(3) संज्ञा और विशेषण (4) योजक और सम्बन्धसूचक

12. जिस वाक्य में **एक उद्देश्य** और **एक विधेय** हो, उसे कहते हैं—
(1) सरल या साधारण वाक्य (2) मिश्रित वाक्य
(3) संयुक्त वाक्य (4) निषेधात्मक वाक्य

13. **'ग्रह सूर्य के चारों ओर घूमते हैं और उपग्रह अपने-अपने ग्रह के'** इस वाक्य में **संयोजक शब्द** है—
(1) अपने-अपने (2) और (3) ग्रह (4) चारों ओर

14. इनमें **'इच्छावाचक वाक्य'** कौन सा है ?
(1) अपना काम स्वयं करो। (2) आप अच्छे हैं न ?
(3) आप प्रातः काल उठें। (4) तुम्हारी उन्नति हो।

15. **'मेरा विचार है कि मैं एक उपन्यास लिखूँ।'** **(APO-2015)**
इसमें किस प्रकार का उपवाक्य है?
(1) संज्ञा उपवाक्य
(2) विशेषण उपवाक्य
(3) रीतिवाचक क्रिया विशेषण उपवाक्य
(4) परिमाणवाचक क्रियाविशेषण उपवाक्य

Scanned with CamScanner

16. 'पाकिस्तान अपनी पराजय से बहुत दुखी है, इसलिए कई वर्षों से वह भारत में आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है।'
इस वाक्य में कौनसा सम्बन्ध है?
(1) परिणाम बोधक (2) विभाजक (3) विरोध दर्शक (4) संयोजक

17. इनमें से कौन-सा **'वाक्य-प्रकार'** नहीं है?
(1) आज्ञार्थक (2) विधानार्थक (3) विस्मरणार्थक (4) संदेहार्थक

18. इनमें से कौन **'आश्रित उपवाक्य'** का प्रकार नहीं है?
(1) संज्ञा उपवाक्य (2) विशेषण उपवाक्य
(3) प्रधान उपवाक्य (4) क्रियाविशेषण उपवाक्य

19. **'मिश्रित वाक्य'** का उदाहरण है—
(1) अशोक ने सुशील को पुस्तक दी।
(2) गाँधीजी ने कहा कि सदा सत्य बोलो।
(3) गीता खेल रही है किन्तु सीता पढ़ रही है।
(4) माँ ने बच्चे के लिए खाना बनाया।

20. वाक्य-विश्लेषण में **'उद्देश्य'** के अंतर्गत आएगा :—
(1) कर्त्ता (2) कर्म (3) कर्म का विस्तार (4) क्रिया

21. **'साधारण वाक्य'** का उदाहरण है—
(1) जो विद्वान होते हैं, उनका सभी आदर करते हैं।
(2) मोहन अपने माता-पिता के साथ आ रहा है।
(3) मोहन आ रहा है किन्तु सोहन जा रहा है।
(4) मोहन ने कहा कि मैं आ रहा हूँ।

22. व्याकरण की दृष्टि से (**वाक्य-निर्माण से सम्बन्धित**) कौनसा कथन सही नहीं है? **(MVSI-2014)**
(1) कर्ता और क्रिया वाक्य के आवश्यक घटक (तत्त्व) हैं।
(2) क्रिया को **'उद्देश्य'** और कर्ता को **'विधेय'** कहते हैं।
(3) वाक्य में व्याकरण सम्मत शब्दों को एक विशेष क्रम में रखा जाता है।
(4) वाक्य में वक्ता के कथन का पूरा (समग्र) अर्थ निकलना आवश्यक है।

23. इनमें से कौनसा वाक्य **'सरल वाक्य'** नहीं है?
(1) दो लड़के खेल के मैदान में बैठे हैं।
(2) गाँव के अधिकतर बच्चे इसी स्कूल में पढ़ते हैं।
(3) पीछे वाले बड़े कमरे में कुछ विद्यार्थी पढ़ रहे हैं।
(4) मोहन गुरुजी के यहाँ गया, क्योंकि उसे हिन्दी पढ़नी है।

24. निम्नलिखित में से कौनसा वाक्य **'मिश्रित वाक्य'** नहीं है?
(1) जब तुम आओगे तब मैं जाऊँगा। (2) तुम्हारा गाना सबको अच्छा लगा।

Scanned with CamScanner

(3) वह जानता है कि तुम नहीं आओगे।
(4) वह पुस्तक खो गई जिसे हमने कल खरीदा था।

25. निम्नलिखित में से **'संयुक्त वाक्य'** कौनसा है?
(1) मेरे पहुँचते ही ट्रेन चल पड़ी।
(2) वह घर जाकर पिताजी से मिला।
(3) सूर्योदय होने पर कोहरा छँट गया।
(4) मैं जयपुर गया और वहाँ चार दिन रूका।

26. वाक्य में **'योग्यता'** का तात्पर्य है— **(MVSI-2018)**
(1) शब्दों के क्रम की योग्यता
(2) पदों के अर्थबोधन का सामर्थ्य
(3) पदों में संधि के क्रम की योग्यता
(4) पदों में सामासिक पदों की योग्यता

27. 'जो लड़के अच्छे होते हैं, वे परिश्रमी होते हैं।'
यह निम्नलिखित में से किस प्रकार का वाक्य है?
(1) सरल वाक्य (2) साधारण वाक्य (3) संयुक्त वाक्य (4) मिश्र वाक्य

28. 'पद' की परिभाषा क्या है? **(महिला पर्यवेक्षक-2015)**
(1) पद उपसर्ग होते हैं (2) पद शब्द के प्रारंभ में लगते हैं
(3) विदेशी शब्द पद कहलाते हैं (4) वाक्य में प्रयुक्त शब्द **'पद'** कहलाते हैं

29. रचना के आधार पर वाक्य के कितने भेद हैं?
(1) दो (2) तीन (3) चार (4) पाँच

30. सरल वाक्य की रचना के प्रमुख घटक क्या हैं?
(1) उद्देश्य और विधेय (2) कथन और सकर्मक क्रिया
(3) कर्ता और प्रेरक संज्ञा (4) सकर्मक और द्विकर्मक

31. "समाचार पत्र में अनोखी घटना छपी है", इस वाक्य में विधेय क्या है? सही विकल्प पर निशान लगाएँ—
(1) पत्र में (2) में छपी है (3) घटना छपी है (4) अनोखी घटना छपी है

32. 'दूसरों का भला करोगे तो तुम्हारा भी भला होगा।' अर्थ की दृष्टि से यह वाक्य किस प्रकार का है? (JLO-2019)
(1) आज्ञार्थक (2) विधानार्थक (3) संकेतार्थक (4) संदेहार्थक

33. इनमें से किस वाक्य में 'क्रियाविशेषण उपवाक्य' है?
(1) गाँधीजी ने कहा कि सदा सत्य बोलो।
(2) जो विद्वान होते हैं, उनका सभी आदर करते हैं।
(3) यदि वह परिश्रम करता, तो अवश्य उत्तीर्ण होता।
(4) मोहन आया किंतु सोहन चला गया।

Scanned with CamScanner

34. वाक्य-रचना के विषय में कौन सा कथन सही नहीं है?
(1) द्विकर्मक क्रिया वाले वाक्यों में मुख्य कर्म पहले तथा गौण कर्म बाद में आता है।
(2) पूर्वकालिक क्रिया मुख्य क्रिया से पहले आती है।
(3) मिश्र वाक्य की संरचना में प्रधान उपवाक्य प्रायः आश्रित उपवाक्य के पहले आता है।
(4) साधारण/सामान्य वाक्यों में कर्ता+कर्म+क्रिया का क्रम होता है।

35. "सूर्य पूर्व दिशा में उदय होता है।"
व्याकरणिक दृष्टि से उपर्युक्त वाक्य 'उद्देश्य' है—
(1) उदय (2) दिशा (3) पूर्व (4) सूर्य

36. 'वाक्य' की दृष्टि से कौनसा कथन सही नहीं है? (PSI-2018)
(1) अर्थ के आधार पर भी वाक्यों का वर्गीकरण किया जा सकता है।
(2) 'उद्देश्य' और 'विधेय' वाक्य के आवश्यक घटक माने गए हैं।
(3) क्रिया को 'उद्देश्य' और कर्ता को 'विधेय' कहते हैं।
(4) रचना के आधार पर वाक्य के तीन भेद किए जाते हैं— सरल, मिश्र और संयुक्त वाक्य।

37. कौनसा विकल्प 'सरल वाक्य' के अन्तर्गत आएगा?
(1) छात्रा ने बहुत ओजपूर्ण स्व-रचित कविता सुनाई।
(2) प्रधानमंत्री ने कहा कि हम शांति और युद्ध दोनों के लिए तैयार हैं।
(3) बस में खराबी थी इसलिए दुर्घटना हुई।
(4) रिद्धीश आया और विराज चला गया।

38. निम्नलिखित में से 'मिश्र वाक्य' कौनसा है?
(1) प्रधानाध्यापकजी ने कहा कि कल विद्यालय बंद रहेगा।
(2) बहुत से छात्र पुस्तकालय में हिन्दी व्याकरण की पुस्तक पढ़ रहे हैं।
(3) लड़के मैदान में एक सभा का आयोजन कर रहे हैं।
(4) रिद्धिमा खाना खाकर उठी और अनुप्रिया खाना खाने बैठी।

39. निम्नलिखित में से 'संयुक्त वाक्य' कौनसा है?
(1) छात्राओं ने बहुत सुंदर 'भरतनाट्यम्' प्रस्तुत किया।
(2) दरवाजा खुला रह गया अतः चोर घर में घुस आए।
(3) यह वही स्थल है जहाँ कृष्णभक्त मीरा पैदा हुई थी।
(4) स्वामीजी ने अपने उद्बोधन में कहा कि शाकाहारी बनो।

[redacted]

Scanned with CamScanner

40. इनमें 'संयुक्त वाक्य' है– (कॉलेज प्राध्यापक-2014)
(1) सेठ जानता है कि नौकर ईमानदार है।
(2) जो परिश्रम करता है, वही आगे बढ़ता है।
(3) मैं कश्मीर गया था और वहाँ से फल ले आया।
(4) जो मनुष्य विद्वान होता है, उसका सभी सम्मान करते हैं।

41. इनमें से 'मिश्र वाक्य' कौनसा नहीं है? (II ग्रेड-2017)
(1) यौवन वह काल है, जब चरित्र का निर्माण होता है।
(2) प्रमोद ने कहा कि मैं गाँव नहीं जाऊँगा।
(3) जो परिश्रम करते हैं, वे सफल होते हैं।
(4) बादल खूब गरजे किन्तु वर्षा नहीं हुई।

42. निम्न वाक्यों में से किसमें 'विशेषण उपवाक्य' का प्रयोग है?
(1) गुरुजी ने कहा कि वे आज नहीं आएँगे।
(2) यदि वह कहेगा तो मैं भी चलूँगा।
(3) जो रुपए मुझे मिले थे, वे खर्च हो गए।
(4) मैं ज्योंही वहाँ पहुँचा, वह चला गया।

43. इनमें से कौन सा वाक्य 'संयुक्त वाक्य' है?
(1) यह वही मकान है जिसमें मैं रहता था।
(2) लड़का आया किन्तु वह रुका नहीं
(3) बच्चे को उसकी पुस्तकें लौटा दो।
(4) पुलिस ने उस लड़के को पकड़ लिया जिसने चोरी की थी।

44. निम्न में 'संयुक्त वाक्य' है– (II ग्रेड-वि॰शि॰-2018)
(1) यदि विद्यार्थी गहन अध्ययन करेंगे तो अच्छे अंक प्राप्त करेंगे।
(2) जो विद्वान होते हैं, उनका सभी आदर करते हैं।
(3) श्रमिक और कृषक दिन-रात परिश्रम करते हैं।
(4) अध्यापक आया किन्तु विद्यार्थी चले गए थे।

44. वाक्य-रचना में पद-क्रम के संबंध में कौनसा कथन गलत है?
(1) द्विकर्मक क्रिया में मुख्य कर्म पहले और गौण कर्म बाद में आता है।
(2) पूर्वकालिक क्रिया मुख्य क्रिया से पहले आती है।
(3) सामान्य वाक्य में कर्म, कर्ता के बाद आता है।
(4) क्रियाविशेषण क्रिया से पहले लगाया जाता है।

45. "दूसरों का भला करोगे तो तुम्हारा भी भला होगा।"
अर्थ की दृष्टि से यह वाक्य किस प्रकार का है?
(1) आज्ञार्थक (2) इच्छार्थक (3) विधानार्थक (4) संकेतार्थक

Scanned with CamScanner

46. 'जब मैं दिल्ली में था तब स्वयं खाना बनाता था।' इस वाक्य में किस तरह का 'आश्रित उपवाक्य' है?
(1) क्रियाविशेषण उपवाक्य (2) विशेषण उपवाक्य
(3) संज्ञा एवं विशेषण उपवाक्य (4) संज्ञा उपवाक्य

47. निम्नांकित में 'संकेतार्थक वाक्य' है— (II ग्रेड-2018)
(1) वह कल जयपुर जाएगा। (2) यदि वह कहेगा तो मैं भी जाऊँगा।
(3) कक्षा में शोरगुल मत करो। (4) मेरी बात ध्यानपूर्वक सुनो।

48. 'मोहन के दोस्त सोहन ने परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया।' इस वाक्य में 'उद्देश्य का विस्तार' है—
(1) मोहन के दोस्त (2) सोहन ने (3) परीक्षा में (4) प्रथम स्थान

49. इनमें 'संयुक्त वाक्य' कौन सा है? (II ग्रेड-सं.शि.2019)
(1) सामने वाले कमरे में चार लड़के व्याकरण की पुस्तक पढ़ रहे हैं (2) जिसका मुझे भय था, वही हुआ।
(3) हम जयपुर गए और वहाँ चार दिन रुके।
(4) अच्छे लड़के नियमित पढ़ाई करते हैं।

50. 'जो ज्ञानी होते हैं, उनका सभी सम्मान करते हैं।' इस वाक्य में इनमें से कौन सा उपवाक्य है?
(1) संज्ञा तथा क्रियाविशेषण उपवाक्य (2) संज्ञा उपवाक्य
(3) क्रियाविशेषण उपवाक्य (4) विशेषण उपवाक्य

51. इनमें 'क्रियाविशेषण आश्रित उपवाक्य' किस वाक्य में है?
(1) मेरी वह पुस्तक कहाँ है, जिसमें कृष्ण कथा है।
(2) वह कमरा अब बंद है जिसमें हम बैठा करते थे।
(3) उसने वैसा ही किया जैसा कहा गया था।
(4) सीता ने कहा कि मैं भी वन जाऊँगी।

52. 'भगवान तुम्हारा भला करे।' यह वाक्य किस प्रकार का है?
(1) आज्ञार्थक (2) इच्छार्थक (3) विधानार्थक (4) संकेतार्थक

53. इनमें से कौन सा कथन सही है? (II ग्रेड-वि.शि.-2019)
(1) हिन्दी के सरल वाक्य में कर्म, कर्ता, क्रिया का क्रम होता है। (2) संयुक्त वाक्य में केवल दो ही उपवाक्य होते है।
(3) मिश्र वाक्य में संज्ञा उपवाक्य प्रायः 'कि' से आरंभ होता है।
(4) मिश्र वाक्य में विशेषण उपवाक्य 'जब' से आरंभ होता है।

[redacted]

Scanned with CamScanner

54. 'यदि मन लगाकर काम करोगे तो सफलता प्राप्त करोगे।' वाक्य का प्रकार बताइए— (BSTC-2020)
(1) साधारण वाक्य (2) मिश्र वाक्य (3) संयुक्त वाक्य (4) सभीतीनों

55. 'निषेधात्मक वाक्य' का उदाहरण है— (BSTC-2019)
(1) आप कहाँ जा रहे हैं? (2) ईश्वर सबका भला करे!
(3) राम खेल रहा है। (4) सड़क पर मत खेलो।

56. 'जिस वाक्य में एक उद्देश्य व एक विधेय होता है,' कहलाता है—
(1) आश्रित वाक्य (2) सरल वाक्य (3) मिश्र वाक्य (4) संयुक्त वाक्य

57. 'उसने अपने मित्र का पुस्तकालय खरीदा' को मिश्र वाक्य में परिवर्तित कीजिए— (1) अपने मित्र का पुस्तकालय उसने खरीदा।
(2) उसने अपने मित्र का पुस्तकालय खरीद ही लिया।
(3) उसने उस पुस्तकालय को खरीदा जो उसके मित्र का था।
(4) वह उसका मित्र है और उसने उसका पुस्तकालय खरीदा।

58. 'जिस वाक्य में एक साधारण वाक्य के अतिरिक्त उसके अधीन कोई दूसरा अंगवाक्य हो,' उसे कहते हैं—
(1) विधिवाचक वाक्य (2) सरल वाक्य (3) मिश्र वाक्य (4) संयुक्त वाक्य

59. 'जहाँ गंगा, यमुना बहती हैं, वह देश उपजाऊ है।' वाक्य है— (BSTC-18)
(1) निषेधवाचक वाक्य (2) सरल वाक्य (3) मिश्र वाक्य (4) संयुक्त वाक्य

Scanned with CamScanner

अध्याय---: वर्ण एवं ध्वनि-विचार

उच्चारण, लेखन, स्वर, व्यंजन, मात्रा-पहचान एवं प्रयोग, ध्वनियों का वर्गीकरण

भाषा की वह छोटी-से-छोटी इकाई जिसके टुकड़े नहीं किए जा सकते हों, **'ध्वनि' अथवा 'वर्ण'** कहलाते हैं।

जैसे— एक शब्द है—**'काला'**।

'काला' शब्द के यदि टुकड़े किए जाएँ तो वे होंगे—

का + ला

अब यदि **'का'** और **'ला'** के भी टुकड़े किए जाएँ तो वे होंगे—

क् + आ तथा **ल् + आ**

अब यदि **'क्', 'आ', 'ल्', 'आ'** के भी हम टुकड़े करना चाहें तो यह संभव नहीं है।

अतः ये ध्वनियाँ **'अक्षर'** या **'वर्ण'** कहलाती हैं।

वर्ण, ध्वनि और अक्षर भिन्न-भिन्न अवधारणाएँ हैं।

मुँह से उच्चरित अ, आ, क्, ख्, ल् आदि ध्वनियाँ हैं।

ध्वनियों के लिखित रूप को अर्थात् लिपि-चिह्नों को **'वर्ण'** कहते हैं तथा जिस ध्वनि या ध्वनि-समूह का उच्चारण एक श्वास के एक ही झटके में हो जाएँ, उन्हें **'अक्षर'** कहते हैं। **जैसे**— आम्, मेम्, स्नान् आदि।

'अक्षर' ध्वनि का लघुतम रूप होता है, इसे और विभाजित नहीं किया जा सकता।

ये ध्वनियाँ दो ही प्रकार की होती हैं—

'स्वर' तथा **'व्यंजन'**

वर्णों के मेल से **'शब्द'** बनते हैं, शब्दों के मेल से **'वाक्य'** तथा वाक्यों के मेल से **'भाषा'** बनती है।

अतः वर्ण या ध्वनि ही भाषा का मूल आधार है।

वर्ण अथवा ध्वनि भाषा की लघुतम इकाई है।

वर्ण अथवा ध्वनि की लघुतम इकाई अक्षर होते हैं।

एक भाषा में ध्वनि का उच्चारण, उच्चारण-स्थलों का ज्ञान, ध्वनियों का वर्गीकरण, वर्णों का लेखन, मात्रा की पहचान एवं प्रयोग आदि विषयों का अध्ययन **'वर्ण एवं ध्वनि-विचार'** के अन्तर्गत किया जाता है। ध्वनि का लिखित रूप **'वर्ण'** कहलाता है एवं वर्णों के व्यवस्थित तथा क्रमबद्ध समूह को **'वर्णमाला'** कहते हैं।

हिन्दी भाषा में मूल वर्णों की संख्या 44 हैं।

स्वर – ये स्वतंत्र प्रकृति के होते हैं अर्थात् इनका निर्माण किसी अन्य वर्ण के योग से नहीं होता है तथा ये अकेले स्वतंत्र अवस्था में रह सकते हैं; अतः जो वर्ण बिना किसी दूसरे वर्ण की सहायता के बोले जा सकते हैं, **'स्वर'** कहलाते हैं। वे ध्वनियाँ जिनका उच्चारण करते समय हवा फेफड़ों से उठकर बिना संघर्ष के स्वतंत्र रूप में/निर्बाध रूप में मुख या नाक के द्वारा बाहर निकलती हो अर्थात् जीभ और ओंठ परस्पर कहीं स्पर्श नहीं करते तथा वायु से कहीं घर्षण नहीं होता, **स्वर ध्वनियाँ** कहलाती हैं।

हिंदी वर्णमाला में स्वरों की संख्या 'ग्यारह' होती हैं।

स्वर	अ	आ	इ	ई	उ	ऊ	ऋ	ए	ऐ	ओ	औ
मात्राएँ	—	ा	ि	ी	ु	ू	ृ	े	ै	ो	ौ

मात्राएँ स्वरों के चिह्न हैं जो व्यंजन वर्णों के साथ लिखे जाते हैं।
'अ' स्वर को छोड़कर सभी स्वरों के लिए मात्राएँ हैं।
अतः **कुल मात्राओं की संख्या 'दस'** हैं।

स्वरों के उच्चारण के कालमान अर्थात् उच्चारण में लगने वाले समय को **'मात्रा'** कहते हैं।

1. किसी शब्द के प्रारंभ, मध्य अथवा अंत में 'अ', 'आ', 'ओ', 'औ' में से कोई भी स्वर आने पर उनके ऊपर शिरोरेखा का प्रयोग नहीं किया जाता है।
जैसे– अजय, हुआ, कुआँ, हलुआ, आखिर, ओझल, और, महिलाओं, औरत आदि।

2. शब्द में किसी व्यंजन वर्ण के साथ 'इ' स्वर प्रयुक्त होने पर 'इ' स्वर की मात्रा ही उस व्यंजन वर्ण के साथ लगती है, जिससे गलती से यह भ्रम पैदा हो जाता है कि 'इ' स्वर का प्रयोग उस व्यंजन वर्ण से पहले हुआ है।
जैसे– अधिक = अ + इ + ध् + क् + अ (गलत)
अ + ध् + इ + क् + अ (सही)

3. शब्द में किसी व्यंजन वर्ण के साथ 'इ' स्वर की मात्रा प्रयुक्त हो और उससे ठीक पहले कोई हलन्त् वर्ण हो तो हल्-चिह्न लगे हलन्त् वर्ण को 'इ' स्वर की मात्रा से पहले बाहर की तरफ हल्-चिह्न (्) लगाकर लिखते हैं, जबकि हल्-चिह्न नहीं लगे हुए हलन्त् वर्ण को 'इ' स्वर की मात्रा के अंदर आगे वाले व्यंजन वर्ण या ऊपर की शिरोरेखा या दोनों से स्पर्श करवाते हुए लिखते हैं।
जैसे– द्वितीय, बुद्धि, चिह्नित, कुट्टिम, ऊर्मि, हड्डियाँ, मिट्टियाँ, अन्विति, पत्नियाँ, तात्त्विक, सन्धि, ऐच्छिक, हस्ति, आश्विन, अग्नि आदि।

4. स्वररहित व्यंजन वर्ण 'र्' के साथ 'उ' एवं 'ऊ' स्वर की मात्रा का शुद्ध प्रयोग निम्नलिखितानुसार करना चाहिए;

र् + उ = रु (घुण्डीरहित)

शुरू, रुपया, रुचि, रुद्र, रुई, शुरुआत, मरुभाषा, तरु, ऊरु(जाँघ) आदि।

र् + ऊ = रू (घुण्डीयुक्त)

रूप, मरू, रूठना, शुरू, जरूर, डमरू, क्रूर (क्रूर), आबरू आदि।

यदि स्वररहित 'र्' के साथ 'उ' के प्रयोग में घुण्डीरहित के साथ-साथ मात्रा को नीचे की तरफ मोड़कर नहीं लिखेंगे तो स्वररहित 'स' (स्) का भ्रम होगा।

5. किसी शब्द में मूल रूप में 'ए' अथवा 'ऐ' स्वर आने पर भी ये क्रमशः एक और दो मात्रा को बतलाते हैं; जबकि किसी शब्द में व्यंजन वर्ण के साथ आने पर इनका प्रयोग क्रमशः एक मात्रा और दो मात्रा लगाकर किया जाता है।

जैसे– एक, एषणा, एवं, अतएव, से, नेति, केवल, रमेश, लिखेंगे आदि।

ऐक्य, ऐश्वर्य, ऐच्छिक, ऐतिहासिक, सदैव, प्रागैतिहासिक आदि।

★ कई विद्वान व्याकरणाचार्य स्वरों की संख्या **दस** बतलाते हैं। इस प्रश्न का सही उत्तर हम विगत वर्षों में हुई विभिन्न परीक्षाओं में आए प्रश्नों से प्राप्त कर सकते हैं।

1. हिंदी वर्णमाला में कितने स्वर हैं? (उपकारागार अधीक्षक परीक्षा–२०१६)
(अ) १० (ब) ११ (स) १३ (द) १२

2. हिंदी वर्णमाला में कुल स्वर हैं– (पटवार परीक्षा–२०११, आरयीएससी)
(अ) ११ (ब) १४ (स) 8 (द) 9

3. देवनागरी लिपि में कितने स्वर हैं? (पटवार एवं III ग्रेड परीक्षा–२०११)
(अ) १० (ब) ११ (स) १२ (द) १३

4. संयुक्तों को छोड़कर हिंदी में मूल वर्णों की संख्या हैं– (एसआई–२०११)
(अ) 36 (ब) 44 (स) 48 (द) 53

5. वर्णमाला में कुल वर्ण हैं– (पटवार परीक्षा–२०११, आरयीएससी)
(अ) 33 (ब) 42 (स) 52 (द) 35

6. हिंदी वर्णमाला में मूल स्वर कितने हैं?
(अ) 4 (ब) 7 (स) 6 (द) 5 (उपकारागार अधीक्षक परीक्षा–२०१६)
(अ) 6 (ब) 7 (स) 4 (द) 2 (छात्रावास अधीक्षक परीक्षा–२००8)

उपर्युक्त उदाहरणों के अनुसार अगर हम 'ऋ' को स्वर नहीं मानते हैं तो मूल स्वरों की संख्या 3 होंगी, कुल स्वरों की संख्या १० होंगी, संयुक्तों को छोड़कर मूल वर्णों की संख्या 43 होंगी एवं कुल वर्णों की संख्या ५१ होंगी; जबकि दो प्रश्नों के विकल्प में कुल स्वरों की संख्या १० को छोड़कर अन्य किसी प्रश्न के किसी विकल्प में उपर्युक्त लिखित संख्याओं में से कोई भी किसी विकल्प में नहीं है। अतः, प्रतियोगी इस भ्रम से सचेत रहें।

मुख्य रूप में स्वरों के दो भेद किए गए हैं—

(अ) मूल अथवा लघु स्वर अथवा ह्रस्व स्वर— वे स्वर जिनके उच्चारण में अपेक्षाकृत कम समय लगता है, **'मूल या लघु या ह्रस्व स्वर'** कहलाते हैं।
जैसे— अ, इ, उ, ऋ ④

(ब) गुरु या दीर्घ स्वर— वे स्वर जिनके उच्चारण में मूल स्वरों की अपेक्षा दुगुना समय लगता है, **'गुरु अथवा दीर्घ स्वर'** कहलाते हैं।
जैसे— आ, ई, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ ⑦

आ, ई, ऊ क्रमशः **अ, इ, उ** के दीर्घ रूप नहीं हैं, जैसा कि प्रायः समझा जाता है। मूल रूप में **'अ'** और **'आ'** अथवा **'इ'** और **'ई'** अथवा **'उ'** और **'ऊ'** में केवल मात्राकाल का ही अंतर नहीं है; अपितु इनके उच्चारण-प्रयत्न तथा जिह्वा के व्यवहृत भाग की दृष्टि से भी इनमें अंतर है। अतः, ह्रस्व स्वर और दीर्घ स्वर की प्रकृति अलग-अलग हैं। ये एक-दूसरे के छोटे-बड़े रूप नहीं हैं।

अंग्रेजी के **'ऑ'** स्वर का भी प्रयोग अब हिन्दी में होने लगा है। इसका प्रयोग केवल अंग्रेजी शब्दों में सिर्फ स्वर के साथ होता है। स्वररहित व्यंजन के साथ इसका प्रयोग नहीं होता है। इसे **'स्वनिम' मात्रा-चिह्न** के रूप में काम में लाया जाता है। इसे मात्रा-चिह्न **(ॅ)** से दर्शाते हैं।
जैसे— कॉलेज, डॉक्टर, ऑफिस, टॉपर, कॉलर, वॉलीबॉल आदि।

'ऑ' हिन्दी के **'आ'** और **'ओ'** के बीच की ध्वनि है। **'आ'** के उच्चारण में ओंठों की जो गोलाई बनती है तथा **'ओ'** के उच्चारण में ओंठों की जो गोलाई बनती है, उनके बीच की गोलाई बनाकर **'ऑ'** का उच्चारण किया जाता है।

व्यंजन— वे वर्ण/अक्षर जिनका उच्चारण स्वरों की सहायता से किया जाता है, **'व्यंजन'** कहलाते हैं।
मूल रूप में व्यंजन स्वर-रहित होते हैं।
जब हम किसी व्यंजन वर्ण का उच्चारण करते हैं तो वह किसी स्वर की सहायता से ही उच्चरित होगा।
जैसे— **'प'** का उच्चारण करने पर **प्+अ** की सहायता से उच्चरित होगा।

हल्-चिह्न (्) व्यंजन वर्ण के स्वर-रहित होने का परिचायक है। स्वर-रहित व्यंजन वर्ण के साथ हल् का चिह्न लगाया जाता है या फिर शब्द में उसका अर्द्ध रूप प्रयोग किया जाता है। **जैसे**— चिह्न, विश्व, क्यारी आदि।

हिंदी वर्णमाला में व्यंजन वर्णों की संख्या तैंतीस होती हैं।

व्यंजन वर्णों के उच्चारण में फेफड़ों से निकलने वाली श्वास मुख के उच्चारण-अवयवों (जिह्वा, स्वरतंत्री, कंठ, मूर्द्धा, तालु, दंत, ओष्ठ आदि) से बाधित होती है तथा संघर्ष या घर्षण या बाधा के साथ मुख अथवा नाक से बाहर निकलती है।

व्यंजन वर्णों का उच्चारण करते समय उत्पन्न घर्षण का कारण यह है कि प्रत्येक व्यंजन में एक स्वर ध्वनि जुड़ी होती है और जब एक साथ दो ध्वनियों का उच्चारण किया जाता है तो घर्षण होना स्वाभाविक है। व्यंजन ध्वनि उत्पन्न बाधा के हटने पर ही उच्चरित होती है। मूल व्यंजन वर्ण स्वतंत्र अवस्था में नहीं रह सकते हैं। प्रत्येक मूल व्यंजन वर्ण एक स्वर की सहायता से मिलकर ही स्वतंत्र अवस्था में रह सकता है। मूल व्यंजन वर्णों के साथ स्वरों की मात्राएँ ही प्रयुक्त होती हैं। जब किसी सस्वर व्यंजन वर्ण से स्वर का लोप कर दिया जाता है तो वह व्यंजन वर्ण हलन्त् (्) अर्थात् नष्ट हो जाता है।

निकला हुआ स्वर उस हलन्त् व्यंजन वर्ण के परे अर्थात् पीछे अर्थात् बाद में या दायें हाथ की तरफ (R.H.S.) प्रयुक्त होता है; किंतु जब किसी स्वर को अन्य स्वर अथवा हलन्त् व्यंजन वर्ण के साथ जोड़ा जाता है तो वह स्वर अपने से ठीक पूर्व अर्थात् पहले या बायें हाथ की तरफ वाले (L.H.S.) वर्ण के साथ प्रयुक्त होता है। **जैसे—**

स्वर निकालने पर	**स्वर जोड़ने पर**
R.H.S.	L.H.S.
क = क् + अ	क् + अ = क
रु = र् + उ	र् + उ = रु
ले = ल् + ए	ल् + ए = ले
सौ = स् + औ	स् + औ = सौ

सस्वर व्यंजन वर्ण

क	ख	ग	घ	ङ (ग्यं)
च	छ	ज	झ	ञ (यं)
ट	ठ	ड	ढ	ण
त	थ	द	ध	न
प	फ	ब	भ	म
य	र	ल	व	
श	ष	स	ह	

संयुक्त व्यंजन अथवा संयुक्ताक्षर — इनकी संख्या चार होती हैं।

ये मूल व्यंजन वर्णों में नहीं गिने जाते हैं।

इनका उच्चारण दो व्यंजन वर्णों एवं एक स्वर की सहायता से होता है।

इन संयुक्त व्यंजनों के वर्णों को अलग-अलग कर नहीं लिखा जाता है।

इनके लिए अलग से लिपि-चिह्न निर्धारित हैं।

क्ष = क् + ष् + अ = क् + ष = क्ष = क्ष

त्र = त् + र् + अ = त् + र = त्र/त्र = त्र

ज्ञ = ज् + ञ् + अ = ज् + ञ = ज्ञ = ज्ञ

श्र = श् + र् + अ = श् + र = श्र/श्र = श्र

हिंदी भाषा में 'ज्ञ' का उच्चारण 'ग्य' होता है इसलिए इसका विस्तार अब 'ग् + य् + अ = ज्ञ' की तरह भी अब होने लगा है।

संयुक्त व्यंजनों सहित हिंदी वर्णमाला में मूल वर्णों की संख्या 48 होती हैं।

हिंदी शब्दकोश में संयुक्त व्यंजन वर्णों से युक्त शब्दों का क्रम निम्नलिखित होता है —

क्ष = 'क्' वर्ण वाले शब्दों के बाद व 'ख्' वर्ण वाले शब्दों से पहले

त्र = 'त्' वर्ण वाले शब्दों के बाद व 'थ्' वर्ण वाले शब्दों से पहले

ज्ञ = 'ज्' वर्ण वाले शब्दों के बाद व 'झ्' वर्ण वाले शब्दों से पहले

श्र = 'श्' वर्ण वाले शब्दों के बाद व 'ष्' वर्ण वाले शब्दों से पहले

स्वररहित व्यंजन वर्ण के बाद सस्वर व्यंजन वर्ण आने के नियम के आधार पर चार संयुक्त व्यंजन वर्णों को तो नए रूप में अर्थात् लिपि-चिह्नों में अपनाकर हिंदी वर्णमाला में स्थान दे दिया गया है; किंतु यह नियम तो बहुत सारे शब्दों में अन्य **'स्वररहित + सस्वर व्यंजन वर्ण'** पर भी प्रभावी होता है। इस नियम के आधार पर संयुक्त होने वाले अन्य व्यंजन वर्णों को तो हिंदी वर्णमाला में स्थान नहीं दिया गया है; परंतु अलग से इन्हें शब्दों में उनकी उपस्थिति के आधार पर दो भेदों में विभक्त किया गया है —

1. **द्वित्व व्यंजन या युग्मक ध्वनि** — यदि किसी शब्द में एक स्वररहित व्यंजन वर्ण के बाद दूसरा सस्वर समान व्यंजन वर्ण आए तो वे **'द्वित्व व्यंजन'** या **'युग्मक ध्वनि'** वाले शब्द कहलाते हैं।

जैसे — सच्चा, बच्चा, लट्टू, मिट्टी, पप्पू, डिब्बा, गुब्बारा, सज्जन, इज्जत, कुत्ता, तरक्की, अन्न, अक्षुण्ण, मरम्मत आदि।

२. व्यंजन गुच्छ— यदि किसी शब्द में एक स्वररहित व्यंजन वर्ण के बाद दूसरा सस्वर कोई भिन्न व्यंजन वर्ण आए तो वे **'व्यंजन गुच्छ'** से युक्त शब्द कहलाते हैं।

जैसे— क्या, वत्स, दन्त, नृत्य, अच्छा, हुक्म, कुश्ती, चश्मा, ख्याति, सन्धि, हिन्दी, बुद्धि, शब्द, वाक्य, प्यार, कष्ट, विघ्न, संयुक्त आदि।

नोट→ **'क'** और **'फ'** के संयुक्ताक्षर निम्नलिखित तरह से बनाए जाएँ, न कि कोष्ठकवाले शब्दों की तरह;

जैसे— संयुक्त (संयुक्त), पक्का (पक्का), दफ्तर (दफ़्तर), अङ्क (अङ्क) आदि।

→ शब्दों में ङ, ञ, ट, ठ, ड, ढ, द और ह के संयुक्ताक्षर हल्-चिह्न (्) लगाकर ही बनाए जाएँ;

जैसे— वाङ्मय, लट्टू, बुड्ढा, धनाढ्य, विद्या, चिह्न, ब्रह्मा आदि।

→ हल्-चिह्न से युक्त वर्ण से बननेवाले संयुक्ताक्षर के द्वितीय व्यंजन के साथ **'इ'** की मात्रा के प्रयोग में हल्-चिह्न लगे वर्ण को **'इ'** की मात्रा से पहले बाहर की तरफ ही लिखा जाएगा न कि **'इ'** की मात्रा के अंदर की तरफ;

जैसे— द्वितीय, कुट्टिम, बुद्धि, हड्डियाँ, चिह्नित, ऊर्मि आदि।

→ संस्कृत के संयुक्ताक्षर पुरानी शैली में भी लिखे जा सकते हैं;

जैसे— द्वितीय, हड्डी, गड्ढा, वृद्ध, बुद्धि, चिह्न, आह्लाद, शत्रुघ्न आदि।

→ **'द्'** के साथ **'य'** के प्रयोग से बननेवाले संयुक्ताक्षर का भी एक नया रूप **'द्य'** बनता है; परंतु हिंदी वर्णमाला में इस नए रूप को मान्यता नहीं देकर व्यंजन गुच्छ का उदाहरण ही माना गया है।

जैसे— उद्योग (उद्योग), विद्यार्थी (विद्यार्थी), गद्य (गद्य) आदि।

व्यंजन वर्णों एवं संयुक्ताक्षरों की सामान्य रूप में होनेवाली अशुद्धियाँ:

1. हिंदी वर्णमाला की जिन पंक्तियों में व्यंजन वर्णों की संख्या पाँच हैं, उन्हें **'वर्ग'** कहते हैं। इन पंक्तियों के प्रथम वर्ण को उस वर्ग का मुखिया बनाया गया है तथा उस प्रथम वर्ण के संबोधन से ही उस वर्ग का नामकरण किया गया है;

	1	2	3	4	5
क वर्ग –	क	ख	ग	घ	ङ
च वर्ग –	च	छ	ज	झ	ञ
ट वर्ग –	ट	ठ	ड	ढ	ण
त वर्ग –	त	थ	द	ध	न
प वर्ग –	प	फ	ब	भ	म

प्रत्येक वर्ग के पाँचवें व्यंजन वर्ण का उच्चारण मुख के साथ-साथ नाक से भी होता है; अतः इन्हें **'नासिक्य ध्वनियाँ'** भी कहते हैं। जिन पंक्तियों में व्यंजन वर्णों की संख्या पाँच से कम हैं, उन्हें वर्ग नहीं कहते हैं।

२. हिंदी वर्णमाला में **'ख'** का लिखित रूप **'ख'** को **'व'** से नीचे से सटाते हुए लिखना चाहिए। इस तरह से प्रयोग नहीं करने पर शब्द **'रव'** युक्त होगा, जो कि सर्वथा गलत है।

जैसे—

अशुद्ध	शुद्ध	अशुद्ध	शुद्ध
रवरगोश	खरगोश	अरवाड़ा	अखाड़ा
रिवलाड़ी	खिलाड़ी	विरव्यात	विख्यात
रिवड़की	खिड़की	मरखी	मक्खी
आरिवर	आखिर	रवुशामद	खुशामद

३. हम पूर्व में चर्चा कर चुके हैं कि मूल व्यंजन वर्ण (स्वररहित) अकेले स्वतंत्र अवस्था में नहीं रह सकते हैं। वे सस्वर (स्वरयुक्त) अथवा किसी शब्द में ही मूल व्यंजन वर्ण (स्वररहित) रूप में रह सकते हैं। शब्द में स्वररहित व्यंजन वर्ण के साथ हल् का चिह्न लगाया जाता है अथवा शब्द में उसका अर्द्ध रूप प्रयोग किया जाता है। किसी भी स्वररहित व्यंजन वर्ण को शब्द में रहने के लिए निम्नलिखित चार शर्तों में से किसी भी एक शर्त का पालन करना होता है—

(अ) वह व्यंजन वर्ण शब्द में शिरोरेखा व अगले वर्ण को स्पर्श करे—

(ब) वह व्यंजन वर्ण शब्द में केवल शिरोरेखा को स्पर्श करे —

(स) वह व्यंजन वर्ण शब्द में केवल अगले वर्ण को स्पर्श करे—

(द) वह व्यंजन वर्ण शब्द में शिरोरेखा को स्पर्श व नीचे हल्-चिह्न का प्रयोग—

क = क् + अ	—	क	— उपर्युक्त, स्वामिभक्त, वाक्य
ख = ख् + अ	—	ख	— विख्यात, तख्त, आख्यान
ग = ग् + अ	—	ग	— ग्यारह, सम्यग्ज्ञान, दिग्दर्शन
घ = घ् + अ	—	घ	— विघ्न, कृतघ्न, शत्रुघ्न
ङ = ङ् + अ	—	ङ	— वाङ्मय, दिङ्मंडल, अङ्क
च = च् + अ	—	च	— उच्चारण, प्रतिच्छाया, इच्छा
छ = छ् + अ	—	छ	— उच्छ्वसन, उच्छ्वास
ज = ज् + अ	—	ज	— सज्जन, उज्ज्वल, प्रज्वलित
झ = झ् + अ	—	झ	—
ञ = ञ् + अ	—	ञ	— पञ्चम, धनञ्जय, चिरञ्जीव

ट = ट् + अ	—	ट्	—	अट्टाहस, वैशिष्ट्य, छुट्टियाँ
ठ = ठ् + अ	—	ठ्	—	पाठ्यक्रम, ओष्ठ्य, कंठ्य
ड = ड् + अ	—	ड्	—	उड्डयन, षड्यंत्र, हड्डियाँ, षड्रस
ढ = ढ् + अ	—	ढ्	—	धनाढ्य
ण = ण् + अ	—	ण्	—	लावण्य, झण्डा, गण्यमान्य, कण्ठ
त = त् + अ	—	त्	—	आभिजात्य, त्योहार, संपत्ति, तत्त्व
थ = थ् + अ	—	थ्	—	पथ्य, पृथ्वी, मिथ्या, स्वास्थ्य
द = द् + अ	—	द्	—	द्वंद्व, बुद्धि, उद्योग, सद्भाव
ध = ध् + अ	—	ध्	—	विध्वंस, ऊर्ध्व, ध्यान, ध्वनि
न = न् + अ	—	न्	—	सम्बन्ध, हिन्दी, सन्न्यास, परन्तु
प = प् + अ	—	प्	—	साप्ताहिक, अभीप्सा, स्क्रिप्ट, पप्पू
फ = फ् + अ	—	फ्	—	शिफ्ट, हफ्ता, सुफ्त, फ्लैट, मुजफ्फर
ब = ब् + अ	—	ब्	—	शब्द, अब्ज, शताब्दी, गुब्बारा
भ = भ् + अ	—	भ्	—	अभ्यंतर, सभ्य, अभ्यास,
म = म् + अ	—	म्	—	आडम्बर, सम्मान, साम्य, चम्पा
य = य् + अ	—	य्	—	गैय्या, दैय्या, थैय्या, शैय्या
र = र् + अ	—	र्	—	मुहूरत (मुहूर्त), आशीरवाद (आशीर्वाद)
ल = ल् + अ	—	ल्	—	विकल्प, फिल्म, मूल्य, उल्लंघन
व = व् + अ	—	व्	—	अव्वल, काव्य, दुर्व्यसन, व्यंजन
श = श् + अ	—	श्	—	आवश्यकता, विश्वास, चश्मा, अश्म
ष = ष् + अ	—	ष्	—	विशिष्ट, शिष्ट, पुष्पित, पुष्टि
स = स् + अ	—	स्	—	परस्पर, हस्तलिखित, स्वास्थ्य
ह = ह् + अ	—	ह्	—	जिह्वा, चिह्न, आह्लाद, ब्रह्मा
क्ष = क्ष् + अ	—	क्ष्	—	लक्ष्मी, साक्ष्य, लक्ष्य, सूक्ष्म
त्र = त्र् + अ	—	त्र्	—	स्वातंत्र्य, त्र्यक्षर, त्र्यंबकेश्वर
ज्ञ = ज्ञ् + अ	—	ज्ञ्	—	
श्र = श्र् + अ	—	श्र्	—	विश्व, अश्विन, विश्वास, अश्व

(अ) क्त्र — 10 वर्ण — क, ख, च, झ, ट, फ, म, य, ष, स

(ब) क्त — 3 वर्ण — ब, ण, श

(स) त्र — 15 वर्ण — च, ज, ञ, त, थ, द, न, ब, भ, ल, व, ह, त्र, द्र, श्र

(द) क्त — 9 वर्ण — ङ, छ, ट, ठ, ड, ढ, द, र, ह

4. खड़ी पाई वाले वर्णों के साथ मात्राओं का प्रयोग खड़ी पाई के साथ स्पर्श करवाते हुए ही करना चाहिए।

जैसे– ओ, औ, गि, गी, शु, शू, णे, णै, गो, गौ आदि।

अन्य वर्णों के साथ मात्रा का प्रयोग निम्नलिखितानुसार करनाचाहिए–

कि, खी, घु, छू, जे, टै, ठो, डौ, ति, थी, दे, धै, पे, बे, से, क्षी आदि।

5. हिंदी वर्णमाला के घुण्डीयुक्त (ऊपर से गोलाई लिए हुए) वर्णों के ऊपर (छ, थ, ध, भ, क्ष, श्र) शिरोरेखा का प्रयोग नहीं कियाजाता।

छ – छाता, अच्छा, निश्छल, आच्छादन आदि।

('छ' का प्रयोग 'छ्' रूप में भी मान्य है– छाता, अच्छा, निश्छल।)

थ – संथाल, उत्थान, मनोरथ, जगन्नाथ, थूक आदि।

('थ' के ऊपर शिरोरेखा के प्रयोग से 'य' का भ्रम होगा।)

ध – ध्यान, उधार, साधन, धुरंधर, अधीन, अंधाधुंध आदि।

('ध' के ऊपर शिरोरेखा के प्रयोग से 'घ' का भ्रम होगा।)

भ – भाग्य, अभाव, अभ्यास, अभ्यस्त, प्रभु, दुर्भिक्ष आदि।

('भ' के ऊपर शिरोरेखा के प्रयोग से 'म' का भ्रम होगा।)

क्ष – क्षमा, पक्ष, शिक्षा, लक्ष्य, साक्षात्कार, अक्षौहिणी आदि।

श्र – श्रृंगार, श्रृंखला, श्रृंग, श्रृगाल, श्मश्रु (मूँछ), श्वश्रू (सास) आदि।

केवल घुण्डीयुक्त वर्ण 'श' उपर्युक्त नियम का अपवाद है। 'श' के ऊपर शिरोरेखा का प्रयोग किया जाता है– शाप, शिशु, शुभेच्छु आदि।

6. शब्दों में उचित स्थान पर स्वररहित 'र्' (रेफ) एवं सस्वर 'र' का प्रयोग–

नियम(1)– यदि किसी शब्द में स्वरयुक्त 'र' से पूर्व कोई स्वरसे रहित व्यंजन वर्ण हो तो स्वरयुक्त 'र' का प्रयोग पूर्व में आए हुए उस स्वररहित व्यंजन वर्ण के साथ अधोगामी रूप में हो जाता है।

अर्थात्, सामान्य भाषा में स्वरयुक्त 'र' अपना स्वर अपने से पहले वाले हलन्त् व्यंजन वर्ण को देकर स्वयं उसके नीचे लटक जाता है।

जैसे– प् + र + थम = प्रथम = पूरथम

र् अ

आ + क् + रांत = आक्रांत = आक्रांत

क् + रो + ध = क्रोध = क्रोध

क् + रू + र = क्रूर = क्रूर

दुष् + प् + रे + रण = दुष्प्रेरण = दुष्‌प्रेरण

प्रभु, ह्रस्व, ह्रास, रुद्र, क्रम, प्रयोग, रंध्र, ब्रह्मा, ब्राह्मण, व्रत, ब्रज, चन्द्रमा, राजेन्द्र, अनुप्रिया, अंग्रेज, प्रत्यय, प्राणिमात्र, प्राण आदि।

नोट– यही नियम उन शब्दों में भी प्रयोग होता है जो व्यंजन संयोग से बने होते हैं, अर्थात् किसी स्वरयुक्त व्यंजन वर्ण से पहले कोई हलन्त् व्यंजन वर्ण हो तो स्वरयुक्त व्यंजन वर्ण अपना स्वर उस हलन्त् व्यंजन वर्ण को देकर स्वयं उसके नीचे लटक जाता है।

जैसे–

द्‌वितीय	= द्वितीय	चिह्‌न	= चिह्न
द्‌वारा	= द्वारा	अभिन्‍न	= अभिन्न
विद्‌वान	= विद्वान	द्‌वन्द्‌व	= द्वन्द्व
उद्‌धार	= उद्धार	द्‌विगु	= द्विगु
प्रह्‌लाद	= प्रह्लाद	जिह्‌वा	= जिह्वा
उद्‌धरण	= उद्धरण	अश्‍विन	= अश्विन
जाह्‌नवी	= जाह्नवी	उद्‌घाटन	= उद्घाटन

शब्द के लिखित रूप में भ्रमवश हम स्वर (मात्रा) को उस व्यंजन वर्ण का समझ लेते हैं जिसके नीचे 'र' अथवा अन्य व्यंजन वर्ण का प्रयोग हुआ है। दरअसल में शब्द का उच्चारण करते समय वह स्वर नीचे लटके हुए व्यंजन वर्ण के साथ उच्चरित होता है।

नियम (II)– नीचे से गोलाईयुक्त स्वररहित व्यंजन वर्णों (ट्, ड्, ड्, द्) के परे स्वरयुक्त 'र' होने पर इन स्वररहित व्यंजन वर्णों के साथ स्वरयुक्त 'र्' का प्रयोग नियम (I) के अनुसार ही होगा; किंतु 'र' का रूप भिन्न होगा।

जैसे–

ट्रक	= ट्रक	ड्रम	= ड्रम
ट्रेनिंग	= ट्रेनिंग	ड्राईंग	= ड्राईंग
राष्ट्र	= राष्ट्र	ड्रग्स	= ड्रग्स
स्ट्रोक	= स्ट्रोक	ड्राफ्ट	= ड्राफ्ट

नियम (III)– यदि किसी शब्द में स्वररहित 'र्' के दोनों ओर स्वर अथवा स्वरयुक्त व्यंजन वर्ण हो तो स्वररहित 'र्' का प्रयोग अपने से बाद वाले स्वरयुक्त व्यंजन वर्ण के ऊपर की ओर ऊर्ध्वगामी रूप में अर्थात् **रेफ रूप** (ˊ) में हो जाएगा। सामान्य भाषा में देखें तो ऐसे शब्द जिनमें ऊपर 'र्' लगाना हो, लेकिन यह मालूम न हो कि 'र्' किस वर्ण

के ऊपर लगेगा तो ऐसी स्थिति में उस शब्द को धीमी गति से उच्चरितकरते हुए अक्षरशः लिख ले और यह मालूम करे कि 'र्' किस व्यंजन वर्ण से ठीक पहले उच्चरित हुआ है। स्थिति मालूम होने पर 'र्' का प्रयोग उसी वर्ण के ऊपर करे, जिस व्यंजन वर्ण से पहले 'र्' का उच्चारण हुआ है।

जैसे— आशीर्वाद = आशीर्र्वाद = **आशीर्वाद**
पुर्न्नवा = पुनर्र्नवा = **पुनर्नवा**
दुर्गुण = दुर्र्गुण = दुर्गुण
दुर्भिक्ष = दुर्र्भिक्ष = दुर्भिक्ष
चार्तुमासिक = चातुर्र्मासिक = **चातुर्मासिक**
सौंर्दय = सौंदर्र्य = सौंदर्य

उपसर्ग, देवर्षि, कर्ता, कर्म, **ऊर्मि**, सूर्योदय, समर्थ, **सौहार्द**, **शूर्पणखा**, **मुहूर्त**, भर्तृहरि, पुनर्जन्म, पूर्वाह्न, चातुर्य, उत्सर्ग, कार्य आदि।

नियम (IV)-यदि किसी शब्द में स्वररहित 'र्' से पूर्व कोई स्वर अथवा स्वरयुक्त व्यंजन वर्ण हो और स्वररहित 'र्' के परे कोई दूसरा व्यंजन वर्ण भी स्वररहित हो तो स्वररहित 'र्' का प्रयोग **रेफ रूप** (ˊ) में दूसरे स्वररहित व्यंजन वर्ण के भी परे अर्थात् दायीं तरफ वाले स्वरयुक्त व्यंजन वर्ण के ऊपर ऊर्ध्वगामी रूप में हो जाएगा।

जैसे— ऊर्ध्व = ऊर्ध्व = ऊर्ध्व
आर्द्र = आर्द्र = आर्द्र
अर्द्ध = अर्द्ध = अर्द्ध
परिवर्द्धित = परिवर्द्धित = परिवर्द्धित
दुर्व्यसन = दुर्व्यसन = दुर्व्यसन
मूर्च्छा = मूर्च्छा = मूर्च्छा
भर्त्सना = भर्त्सना = भर्त्सना
सामर्थ्य = सामर्थ्य = सामर्थ्य

नियम (V)— नियम (I) के अनुसार स्वररहित 'र्' के साथ स्वरयुक्त 'र' के प्रयोग में भ्रमवश 'र' का 'त्र' में उच्चारण कर लिया जाता है जो कि सर्वथा अनुचित है।

	सही		**गलत**
जैसे— सूराव	= स्राव	=	स्त्राव
सूरोत	= स्रोत	=	स्त्रोत
सहसूर	= **सहस्र**	=	**सहस्त्र**

नियम (VI) – नियम (I) के अनुसार स्वररहित **'त्'** के साथ स्वरयुक्त **'र'** के प्रयोग से हिंदी वर्णमाला में एक संयुक्ताक्षर ग्रहण कर लिया गया है, जिसे **'त्र'** के रूप में लिखा जाता है।

जैसे– त्रास = त्रास = त्रास
त्राण = त्राण = त्राण
शत्रु = शत्रु = शत्रु
सत्री = स्त्री = स्त्री/स्त्री

नियम (VII) – नियम (I) के अनुसार स्वररहित **'श्'** के साथ स्वरयुक्त **'र'** के प्रयोग से भी हिंदी वर्णमाला में एक संयुक्ताक्षर ग्रहण कर लिया गया है, जिसे **'श्र'** के रूप में लिखा जाता है।

जैसे– श्रेणी = श्रेणी = श्रेणी
श्रान्ति = श्रान्ति = श्रान्ति
शुश्रूषा = शुश्रूषा = **शुश्रूषा**
आश्रय = आश्रय = आश्रय
विश्राम = विश्राम = विश्राम

नीचे लगने वाला 'र्' हमेशा स्वरयुक्त एवं ऊपर लगने वाला 'र्' हमेशा स्वररहित होता है – सर्वत्र, प्रदर्शनी, प्रियदर्शिनी, क्रियाकर्म आदि।

नियम (VIII) – स्वररहित **'श्'** का प्रयोग शब्दों में निम्नलिखित दोनों रूपों में मान्य है – विश्व/विश्व, विश्वास/विश्वास, अश्विन/अश्विन आदि।

नियम (IX) – स्वररहित **'श्'** के साथ **'ऋ'** स्वर का प्रयोग निम्नलिखित रूप में होता है – **शृंगार, शृंग, शृंखला, शृगाल** (सियार) आदि।

उत्क्षिप्त वर्ण – ड़, ढ़ **हिंदी वर्णमाला में उत्क्षिप्त वर्णों की संख्या दो हैं।**

शब्दकोश में **'ड़'** व **'ढ़'** का क्रम क्रमशः **'ड'** व **'ढ'** के बाद आता है।
इन वर्णों को **'द्विस्पृष्ट', 'ताड़नजात'** या **'द्विगुण व्यंजन'** भी कहते हैं।
निम्नलिखित अवस्थाओं में **'ड'** एवं **'ढ'** के नीचे बिन्दु का प्रयोग नहीं होता है –

1. यदि **'ड'** अथवा **'ढ'** का प्रयोग शब्द में **प्रथमाक्षर** के रूप में हो रहा हो:
जैसे– डर, डाल, डंक, डमरू, ढलान, ढाल, ढीठ, ढोलक आदि।
2. यदि **'ड'** अथवा **'ढ'** का प्रयोग किसी **अंग्रेजी शब्द** में हो रहा हो:

जैसे– रोड, रॉड, रेडिओ, गार्ड, पाउडर, लॉर्ड, कंपाउडर आदि।

3. यदि 'ड' अथवा 'ढ' का प्रयोग शब्द में किसी स्वररहित नासिक्य व्यंजन वर्ण (ङ्, ञ्, ण्, न्, म्) अथवा **अनुस्वार के ठीक आगे** हो रहा हो:
जैसे– झंडा/झण्डा, दंड/दण्ड, गैंडा, भण्डार, पण्डित, खंड, मंडय आदि।

4. यदि 'ड' अथवा 'ढ' का प्रयोग शब्द में **हलन्त रूप में** हो रहा हो या हलन्त 'ड्' अथवा 'ढ्' के बाद **पुनः स्वरयुक्त** 'ड', 'ढ' आएँ:
जैसे– बुड्ढा (बूढ़ा), लड्डू, उड्डयन, गाड्ढा, अड्डा, गुड्डा आदि।

5. यदि 'ड' अथवा 'ढ' का प्रयोग 'उ' अथवा 'ऊ' की मात्रा से युक्त वर्ण के रूप (डु, डू, ढु, ढू) में शब्द में हो रहा हो:
जैसे– लड्डू, खड्डूस, अकडु, कुकडू, पढूँगा, लडूँगा, झाडू आदि।

6. यदि **प्रथमाक्षर** 'ड' अथवा 'ढ' से युक्त किसी मूल शब्द के **पूर्व कोई उपसर्ग** अथवा **अव्यय** प्रयुक्त हो रहा हो:
जैसे– निडर, अडिग, निढाल, बेडौल, सुडौल, कुढंग, षडानन आदि।

उपर्युक्त अवस्थाओं को छोड़कर शेष सभी अवस्थाओं में 'ड' एवं 'ढ' के नीचे बिन्दु का प्रयोग होगा।

जैसे– पेड़, सड़क, पढ़ाई, दाढ़ी, होड़, लकड़ी, लड़की, काढ़ा, पाड़ा, पड़ोस, रूढ़, गूढ़, कुल्हाड़ी, गड़बड़, **मूढ़ (म्+ऊ+ढ़)**, मेढ़क आदि।

नोट– ऐसे शब्द जिनमें 'ड' अथवा 'ढ' के पूर्व अनुनासिक स्वरयुक्त (चंद्रबिंदुयुक्त) व्यंजन वर्ण हो तो 'ड', 'ढ' के नीचे बिन्दु का प्रयोग होगा।
जैसे– ढूँढ़, ढूँढ़ाड़ी, मेंढ़, सूँड़ आदि।

अयोगवाह वर्ण– **इन वर्णों की संख्या हिंदी वर्णमाला में दो होती हैं–**
अं – अनुस्वार (ं) एवं अः – विसर्ग (ः)

वे वर्ण जो न तो स्वर होते हैं और न ही व्यंजन तथा जिन वर्णों का योग स्वर एवं व्यंजन किसी के भी साथ नहीं किया जा सकता है (अयोग), फिर भी ये ध्वनि को वहन (वाह) करते हैं, **'अयोगवाह वर्ण'** कहलाते हैं। इन्हें स्वर एवं व्यंजन में से किसी के साथ भी नहीं गिना जाता है। ये वर्ण स्वर के साथ ही प्रयुक्त होते हैं। इन वर्णों का स्वतंत्र प्रयोग नहीं होता एवं इनका उच्चारण स्वर के बाद ही होता है।

विसर्ग (:)– यह मूलतः संस्कृत की ध्वनि है। हिंदी की संरचना में इसका कोई स्थान नहीं है; किंतु संस्कृत भाषा से हिंदी भाषा में आए कुछ तत्सम शब्दों में विसर्ग का प्रयोग होता है।

विसर्ग का उच्चारण 'ह्' जैसा होता है एवं **'कंठ' (काकल)** से उच्चरित होता है।
जैसे– अतः, प्रायः, स्वतः, दुःख, प्रातःकाल, मूलतः, विशेषतः, पयःपान, मनःकामना, अन्तःकरण, अन्तःवस्त्र, अधःपतन, मनःविकार, अंतःपुर, मनःस्थिति, मनःकल्पित, अंतःस्राव आदि।

अनुस्वार (ं) — नाक के द्वारा बोली जाने वाली वे ध्वनियाँ जिनके पहले स्वर आना जरूरी है, **'अनुस्वार (स्वर के पीछे आनेवाली)'** कहलाती हैं।
इसका चिह्न शिरोरेखा पर बिंदु (ं) होता है।
प्रत्येक व्यंजन वर्ग का पाँचवाँ वर्ण **'पंचमाक्षर'** कहलाता है। पंचमाक्षरों का उच्चारण मुख एवं नाक दोनों से होता है; इसलिए इन्हें **'नासिक्यवर्ण'** कहते हैं।
अनुस्वार, किसी व्यंजन वर्ग के हलन्त् पंचमाक्षर **(ङ्, ञ्, ण्, न्, म्)** के बदले आता है। कंकण (कङ्कण), मंच (मञ्च), झंडा (झण्डा), शांत (शान्त), शंभु (शम्भु)।

(अ) शब्दों में हलन्त् पंचमाक्षर अपने वर्ग के किसी भी वर्ण के पहले आते हैं, जो बाद में अपने से पहले वाले वर्ण के ऊपर अनुस्वार में परिवर्तित हो जाते हैं।
जैसे– ङ् – अङ्क (अंक), गाङ्गा (गंगा), सङ्गठन (संगठन), सङ्घनन (संघनन)
ञ् – चञ्चु (चंचु), चञ्चल (चंचल), पञ्जा (पंजा), धनञ्जय (धनंजय)
ण् – कण्ठ (कंठ), दण्ड (दंड), मण्डप (मंडप), अण्डमान (अंडमान)
न् – सन्तान (संतान), सन्थाल (संथाल), हिन्दी (हिंदी), सन्धि (संधि)
म् – चम्पा (चंपा), सम्बन्ध (संबंध), दम्भ (दंभ), गम्भीर (गंभीर)

(ब) किसी शब्द में दो पंचमाक्षर (स्वरहित के बाद स्वरयुक्त) साथ आने पर उन्हें उनके मूल रूप में लिखा जाता है। उनकी जगह अनुस्वार का प्रयोग नहीं होता है।
जैसे– अक्षुण्ण, अन्न, जगन्नाथ, सरस्मत, सम्मेलन, **वाङ्मय, षण्मास, सन्न्यास,** सन्मार्ग, चिन्मय, उन्मुख, जन्म, निम्न आदि।

(स) य, र, ल, व, श, ष, स, ह, क्ष, त्र, ज्ञ आदि व्यंजन वर्णों के पूर्व नाक से उच्चरित होने वाली ध्वनि के लिए सदैव अनुस्वार का ही प्रयोग होता है।
जैसे– संयुक्त, संरक्षण, संलिप्त, संवाद, संशय, संसार, संहार, संक्षिप्त, संत्राण, संज्ञान, स्वयंवर, संविधान, संलग्न, संविदा आदि।
अपवाद– अन्य, पुण्य, मान्य, धान्य, साम्य आदि (प्रत्यय प्रयोग के कारण)।

अनुनासिक स्वर— **उच्चारण के अनुसार स्वर दो प्रकार के होते हैं–**
(अ) निरनुनासिक स्वर– वे स्वर जिनका उच्चारण केवल मुख से होता है, **'निरनुनासिक (निर्-नहीं + अनुनासिक) स्वर'** कहलाते हैं।
जैसे– अ आ इ ई उ ऊ ऋ ए ऐ ओ औ

(ब) **अनुनासिक या सानुनासिक स्वर** — वे स्वर जिनका उच्चारण मुख के साथ-साथ नासिका (नाक) से भी होता है, **'सानुनासिक (स-साथ+अनुनासिक)'** या **'अनुनासिक स्वर'** कहलाते हैं। अनुनासिक स्वरों को ऊपर अर्द्धचन्द्र बिंदु लगाकर लिखा जाता है। अनुस्वार की तरह अर्द्धचन्द्र बिंदु अलग से वर्ण नहीं होता है। यह स्वरों के ऊपर रहता है और स्वरों के साथ ही उच्चरित होता है।

जैसे— अँ आँ इँ ईं उँ ऊँ एँ ऐं ओं औं
ॅं ॉं िं ीं ुं ूं ें ैं ों ौं

अर्द्धचंद्र बिंदु के बिना प्रायः अर्थ में भ्रम के कारण अशुद्धि हो जाती है और अर्थ में परिवर्तन आ जाता है;

जैसे— हँस (हँसने की क्रिया), हंस (एक पक्षी)
अँगना (आँगन), अंगना (स्त्री)

कुछ स्वरों के ऊपर मात्रा होने के कारण अर्द्धचंद्रबिंदु लगाने में कठिनाई होने से बिंदु के रूप में लिखी जाती है, अतः इन्हें अनुस्वार समझना गलत है।

जैसे— में (IN), मैं (I), नहीं, **पढ़ेंगे, इन्हें, उन्होंने,** क्योंकि, मेंथी, तोंद, सरसों, चोंच, ओंठ, हींग, परसों, कैंची, ज्यों, त्यों, क्यों, **किन्हें** आदि।

सभी बहुवचन शब्दों के पीछे भी बिन्दु का प्रयोग होता है।

जैसे— शब्द–शब्दों, वाक्य–वाक्यों, बात–बातों, लात–लातों, पद–पदों, पर्वत–पर्वतों, दिन–दिनों, देश–देशों, है–हैं, वर्ण–वर्णों आदि।

कर्ता कारक में बहुवचन रूपों में 'ओं' अथवा 'यों' लगता है; किंतु संबोधन कारक में बहुवचन रूपों में 'ओ' अथवा 'यो' का प्रयोग होता है।

जैसे— बालक (बालकों) बालको, बच्चा (बच्चों) बच्चो, लड़का (लड़कों) लड़को

संस्कृत भाषा में अनुनासिकता अर्थात् स्वर का मुँह के साथ-साथ नाक से भी बोले जानेवाला रूप नहीं था। संस्कृत की बहुत-सी अनुस्वार ध्वनियाँ एवं अनुनासिक व्यंजन हिंदी में अनुनासिकता (ँ) में बदल गए हैं। अतः हिंदी के शब्दों में जहाँ जरूरी हो वहाँ अनुस्वार के स्थान पर अर्द्धचन्द्र बिंदु का ही प्रयोग किया जाना चाहिए; **जैसे**- गंध से गाँधी, अंधकार से अँधेरा, बंध से बाँध, ग्रंथि से गाँठ आदि।

शब्द के शुरू में दीर्घ स्वर जैसे– आ, ई, ऊ आदि के आने पर उन पर हिंदी शब्दों में सदैव अर्द्धचन्द्र बिंदु का ही प्रयोग होता है।

जैसे— आँख, आँधी, ईंट, ऊँट, आँसू, मूँछ, राँगा, आँगन, काँख, जाँघ,

माँद, नाँद, ईंधन, ऊँचा, काँच, गाँजा, गूँगा, गूँज, गाँव, चाँद, साँप आदि।

यदि किसी शब्द का उच्चारण करते समय ङ, ञ, ण, न, म में से कोई एक ध्वनि सुनाई दे तो वहाँ अनुस्वार का प्रयोग होगा और इनमें से कोई भी ध्वनि सुनाई न दे तो अनुनासिकता प्रकट करने के लिए अर्द्धचंद्र बिंदु का प्रयोग किया जाता है।

जैसे– झाति – झाँति खम्भा – खंभा आगन – आँगन
झ्राति – झ्राँति कुडल – कुंडल पाचवा – **पाँचवाँ**
क्राति – क्राँति कवर – कँवर कचन – कंचन
ताबा – ताँबा भवर – भँवर तुरत – तुरंत
गेहू – गेहूँ गवार – गँवार साझर – साँझर

धुआँ, झाँसी, छाँह, यहाँ, वहाँ, कहाँ, जहाँ, तहाँ, हाँ, हूँ, चहुँ, मुँह, **पहुँच**, अँगुली, जवाँई, **घुँघरू**, चाँदी, कुँअर, **पीएँगे**, बूँद, मूँग, रहूँगा।

यदि स्त्रीलिंग एकवचन शब्द से स्त्रीलिंग बहुवचन शब्द बनाना हो तो स्त्रीलिंग एकवचन शब्द के अंतिम वर्ण में लगे 'आ' के स्थान पर 'आएँ/आओं' हो जाएगा। जैसे–

माला – मालाएँ/मालाओं रचना – रचनाएँ/रचनाओं
मात्रा – मात्राएँ/मात्राओं महिला – महिलाएँ/महिलाओं
कथा – कथाएँ/कथाओं नायिका – नायिकाएँ/नायिकाओं
आशा – आशाएँ/आशाओं समस्या – समस्याएँ/समस्याओं
कविता – कविताएँ/कविताओं विशेषता – विशेषताएँ/विशेषताओं

यदि स्त्रीलिंग एकवचन शब्द से स्त्रीलिंग बहुवचन शब्द बनाना हो तो स्त्रीलिंग एकवचन शब्द के अंतिम वर्ण में लगी 'ई' के स्थान पर 'इयाँ/इयों' हो जाएगा। जैसे–

राखी – राखियाँ/राखियों बाल्टी – बाल्टियाँ/बाल्टियों
नदी – नदियाँ/नदियों दवाई – **दवाइयाँ/दवाइयों**
कुर्सी – कुर्सियाँ/कुर्सियों मिठाई – **मिठाइयाँ/मिठाइयों**
हड्डी – **हड्डियाँ/हड्डियों** खिड़की – खिड़कियाँ/खिड़कियों
पत्नी – पत्नियाँ/पत्नियों अँगड़ाई – अँगड़ाइयाँ/अँगड़ाइयों
लड़ाई – **लड़ाइयाँ/लड़ाइयों** परछाई – परछाइयाँ/परछाइयों
रजाई – **रजाइयाँ/रजाइयों** लड़की – लड़कियाँ/लड़कियों
सवारी – सवारियाँ/सवारियों स्त्री – **स्त्रियाँ/स्त्रियों**

यदि स्त्रीलिंग एकवचन शब्द से स्त्रीलिंग बहुवचन शब्द बनाना हो तो **स्त्रीलिंग एकवचन** शब्द के अंतिम वर्ण में लगे 'ऊ' के स्थान पर 'ऊँ/ ऊँ' हो जाएगा। जैसे—

बहू – बहुएँ / बहुओं वधू – वधुएँ/वधुओं

नोट— हिंदी वर्णमाला में अनुस्वार **अलग से एक ध्वनि है तथा दीर्घ** ध्वनि होने के कारण इसकी मात्रा गुरु मानी **जाती है, जबकि अनुनासिक** स्वर अलग से कोई स्वर नहीं है। जब स्वर के **उच्चारण में हवा मुँह के** साथ-साथ नाक से भी निकलती है तो स्वर अनुनासिक **हो जाता है।** इसके उच्चारण में भी उतना ही समय लगता है जितना निरनुनासिक स्वर में। नाक से बोले जाने वाले व्यंजन (ङ, ञ, ण, न, म) **'नासिक्य व्यंजन'** कहलाते हैं। हिंदी भाषा में बिना पूर्व स्वर की सहायता के शब्द के शुरू में केवल **'न'** तथा **'म'** ही बोले जाते हैं **'ङ', 'ञ', 'ण'** नहीं। इस प्रकार हिंदी में नाक से बोले जानेवाली तीन प्रकार की ध्वनियाँ हैं—

नासिक्य ध्वनियाँ

1. अनुनासिक स्वर
स्वर के साथ आनेवाली नासिक्य ध्वनि
अँ, आँ, इँ, ईं, उँ, ऊँ, एँ, ऐं ओं, औं

2. अनुस्वार
स्वर के बाद आनेवाली हलन्त नासिक्य ध्वनि
(अ) ङ, ञ, ण, न, म
(ब) य, र, ल, व, श, ष, स, ह, क्ष, त्र, ज्ञ से पूर्व आनेवाली एवं स्वर के बाद वाली नासिक्य ध्वनि।

3. नासिक्य व्यंजन
शब्दों में आनेवाली सस्वर नासिक्य ध्वनि
जैसे— नदी, नारी, कनक, चमक, गणना, गणित आदि।

विदेशी भाषाओं से आए हुए व्यंजन— 5 व्यंजन वर्ण

क़ ख़ ग़ ज़ फ़ (अरबी-फारसी भाषा से आगत)

जैसे— नक़ल, ख़ाक, बेग़म, ज़हर, आफ़त आदि।

अरबी-फ़ारसी- अंग्रेज़ी भाषा के जिन शब्दों में क़, ख़, ग़, ज़, फ़ ध्वनियाँ हिंदी भाषा के शब्दों में प्रयुक्त होती हैं, उन्हें बिना नीचे बिंदी (नुक़ता) लगाए भी लिखा जा सकता है; किंतु जहाँ उनका शुद्ध विदेशी रूप में प्रयोग जरूरी हो अथवा उच्चारणगत भेद बताना आवश्यक हो वहाँ उनके हिंदी में प्रचलित रूपों में यथास्थान नुक़ते लगाए जाएँ।

नुक़ता नहीं लगाने की स्थिति में इन व्यंजनों के प्रयोग से शब्द का अर्थ ही बदल जाता है।

जैसे— कंद – गाँठदार जड़	अर्क – सूर्य	खाना – भोजन
क़ंद – सफेद शक्कर, मिस्री	अर्क़ – रस	ख़ाना – स्थान
गोरी – गौर वर्ण वाली	जरा – बुढ़ापा	राज – शासन
ग़ोरी – ग़ोर का रहनेवाला	ज़रा – थोड़ा	राज़ – रहस्य
गरज – गंभीर आवाज	फन – साँपका मुँह	फूल – पुष्प
ग़रज – जरूरत	फ़न – कला	फ़ूल – मूर्ख (अंग्रेजी)

हिंदी में विदेशी भाषा के कुछ शब्दों के दोनों रूप ही मान्य हैं।

जैसे— आख़िर (आख़ीर), कुर्सी (कुरसी), गार्दन (गरदन), फ़ुर्सत (फ़ुरसत), बर्फ़ (बरफ़), बर्तन (बरतन), बिल्कुल (बिलकुल), बर्दाश्त (बरदाश्त), भर्ती (भरती)।

वर्ण-वियोजन – शब्द में कुल वर्णों की संख्या ज्ञात करना

जब व्यंजन वर्णों को मूल रूप में और स्वरों की मात्राओं को भी मूल स्वरों (मूल रूपों) में व्यक्त किया जाता है तब इस क्रिया को **'वर्ण-वियोजन'** कहते हैं और जब बिखरे वर्णों को मिलाकर शब्द का निर्माण किया जाता है तब इस क्रिया को **'वर्ण-संयोजन'** कहते हैं।

जैसे—
नल = न् + अ + ल् + अ
कविता = क् + अ + व् + इ + त् + आ
विद्या = व् + इ + द् + य् + आ
ग् + आ + य् + अ = गाय
प् + उ + स् + त् + अ + क् + अ = पुस्तक

किसी शब्द में कुल वर्णों की संख्या ज्ञात करते समय अनुस्वार की गणना की जाती है; किंतु अर्द्धचन्द्र बिंदु की नहीं। क्योंकि, अनुस्वार वर्ण है जो हलन्त् नासिक्य व्यंजन वर्णों के बदले में लगाया जाता है; जबकि अर्द्धचंद्र बिंदु अनुनासिक स्वरों का चिह्न है जो हमेशा स्वरों के ऊपर ही रहता है। संयुक्त व्यंजनों को भी उनके मूल व्यंजन व स्वरों में तोड़ते हैं।

जैसे—
सीमा = स् + ई + म् + आ — 4 वर्ण
अँधेरा = अँ + ध् + ए + र् + आ — 5 वर्ण
संबंध = स् + अ + म् + ब् + अ + न् + ध् + अ — 8 वर्ण
क्षत्रिय = क् + ष् + अ + त् + र् + इ + य् + अ — 8 वर्ण

शब्दकोश में शब्दक्रम ज्ञात करना – हिंदी भाषा के शब्दकोश में शब्दक्रम के रूप में वर्णमाला के क्रमबद्ध वर्णों से किसी भी शब्द में स्वर व व्यंजन के आधार पर शब्दों का क्रम निर्धारित किया जाता हैं।

प्रथम स्थान पर – अर्द्धचंद्र बिंदु (ॅ), अनुस्वार (ं), विसर्ग (ः)
द्वितीय स्थान पर – अ, आ, ऑ, इ, ई, उ, ऊ, ऋ, ए, ऐ, ओ, औ
तृतीय स्थान पर – व्यंजन (क् से ह् तक)

स्वर– अँ अं अः अ आँ आं आ ऑ इँ इं इ ईं ई उँ उं
उ ऊँ ऊं ऊ ऋ एँ एं ए ऐं ऐ ओं ओ औं औ

व्यंजन–

क/क़	क्ष (क्+ष)	ख/ख़	ग/ग़	घ	ङ
च		छ	ज/ज़ ज्ञ	झ	ञ
ट		ठ	ड/ड़ (ज्+ञ)	ढ/ढ़	ण
त	त्र	थ	द	ध	न
प	(त्+र)	फ/फ़	ब	भ	म
य	(श्+र)	र	ल	व	
श	श्र	ष	स	ह	

उदाहरण-1. श्रद्धा, शासन, शौर्य, श्याम, श्रमिक का क्रम निर्धारण–

श्रद्धा – श् + र् + अ + द्④ + ध् + आ
शासन – श् + आ① + स् + अ + न् + अ
शौर्य – श् + औ② + र् + य् + अ
श्याम – श् + य्③ + आ + म् + अ
श्रमिक – श् + र् + अ + म्⑤ + इ + क् + अ

सही क्रम : शासन, शौर्य, श्याम, श्रद्धा, श्रमिक।

उदाहरण-2. ध्रुव, धेनु, धनुष, ध्यान शब्दों का क्रम निर्धारण–

ध्रुव – ध् + र्④ + उ + व् + अ
धेनु – ध् + ए② + न् + उ
धनुष – ध् + अ① + न् + उ + ष् + अ
ध्यान – ध् + य्③ + आ + न् + अ

सही क्रम : धनुष, धेनु, ध्यान, ध्रुव।

उदाहरण-3. कवर, कँवर, कंवर, क्रूर शब्दों का क्रम निर्धारण–

कवर – क् + अ③ + व् + अ + र् + अ
कँवर – क् + अँ① + व् + अ + र् + अ
कंवर – क् + अं② + व् + अ + र् + अ
क्रूर – क् + र्④ + ऊ + र् + अ
सही क्रम : कँवर, कंवर, कवर, क्रूर।

उदाहरण-4. ज्ञाता, ज्ञेय, जंतु, जिंदा शब्दों का क्रम निर्धारण—
ज्ञाता – ज् + ञ् + आ③ + त् + आ
ज्ञेय – ज् + ञ् + ए④ + य् + अ
जंतु – ज् + अं① + त् + उ
जिंदा – ज् + इं② + द् + आ
सही क्रम : जंतु, जिंदा, ज्ञाता, ज्ञेय।

उदाहरण-5. त्रास, तृण, तंतु, त्योहार शब्दों का क्रम निर्धारण—
त्रास – त् + र्④ + आ + स् + अ
तृण – त् + ऋ② + ण् + अ
तंतु – त् + अं① + त् + उ
त्योहार – त् + य्③ + ओ + ह् + आ + र् + अ
सही क्रम : तंतु, तृण, त्योहार, त्रास।

उदाहरण-6. क्षमा, क्षत्रिय, कक्षा, कोश, कोष का क्रम निर्धारण—
क्षमा – क् + ष् + अ + म्⑤ + आ
क्षत्रिय – क् + ष् + अ + त्④ + र् + इ + य् + अ
कक्षा – क् + अ① + क् + ष् + आ
कोश – क् + ओ + श्② + अ
कोष – क् + ओ + ष्③ + अ
सही क्रम : कक्षा, कोश, कोष, क्षत्रिय, क्षमा।

उदाहरण-7. त्रस्त, ज्ञान, क्षेत्र, शृगाल शब्दों का क्रम निर्धारण—
त्रस्त – त्③ + र् + अ + स् + त् + अ
ज्ञान – ज्② + ञ् + आ + न् + अ
क्षेत्र – क्① + ष् + ए + त् + र् + अ
शृगाल – श्④ + ऋ + ग् + आ + ल् + अ
सही क्रम : क्षेत्र, ज्ञान, त्रस्त, शृगाल।

स्वरों का वर्गीकरण

1. **उच्चारणकाल के आधार पर** – स्वर दो प्रकार के होते हैं।

(अ) **ह्रस्व या लघु स्वर** – वे स्वर जिनके उच्चारण में कम समय लगता है, '**ह्रस्व**' या '**लघु स्वर**' कहलाते हैं।
इन्हें 'एकमात्रिक स्वर' भी कहा जाता है। इसका चिह्न (।) होता है।
जैसे – अ, इ, उ, ऋ ④

(ब) **दीर्घ या गुरु स्वर** – वे स्वर जिनके उच्चारण में ह्रस्व स्वर की तुलना में दुगुना समय लगता है, '**दीर्घ**' या '**गुरु स्वर**' कहलाते हैं।
इन्हें 'द्विमात्रिक स्वर' भी कहा जाता है। इसका चिह्न (ऽ) होता है।
जैसे – आ, ई, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ ⑦



नोट : उच्चारण काल के आधार पर स्वरों का तीसरा भेद 'प्लुत् स्वर' भी होता है। जिन स्वरों के उच्चारण में दीर्घ स्वरों से भी अधिक समय लगता है, '**प्लुत् स्वर**' कहलाते हैं। ये स्वर संस्कृत भाषा के मंत्रों एवं वेदों में प्रयुक्त होते हैं। **जैसे**-ओ३म्

2. **उत्पत्ति के आधार पर** – मुख्य रूप में दो प्रकार के होते हैं।

(अ) **मूल स्वर** – वे स्वर जिनके निर्माण में किसी अन्य स्वर का योग नहीं रहता हो, '**मूल स्वर**' कहलाते हैं।
जैसे– अ, इ, उ, ऋ ④

(ब) **यौगिक स्वर** – वे स्वर जिनके निर्माण में किसी अन्य स्वर का योग रहता हो, '**यौगिक स्वर**' कहलाते हैं।
जैसे– आ, ई, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ ⑦
यौगिक स्वरों के भी दो भेद किए गए हैं–

(।) **दीर्घ या संधि या सजातीय स्वर** – वे स्वर जिनके निर्माण

में एक ही जाति के समान स्वरों का योग रहता हो, **'दीर्घ'** या **'संधि'** या **'सजातीय स्वर'** कहलाते हैं।

जैसे– आ (अ+अ), ई (इ+इ), ऊ (उ+उ) ③

(ii) **संयुक्त या विजातीय स्वर**– वे स्वर जिनके निर्माण में दो भिन्न जाति के असमान स्वरों का योग रहता हो, **'संयुक्त'** या **'विजातीय स्वर'** कहलाते हैं।

जैसे– ए (अ+इ), **ऐ** (अ+ए), **ओ** (अ+उ), **औ** (अ+ओ) ④

नोट : जाति के अनुसार स्वरों को दो भागों में रखा गया है—

अ. **सवर्ण स्वर**– इनमें सिर्फ मात्रा का अंतर होता है। ये ह्रस्व और दीर्घ के जोड़ेवाले होते हैं।

जैसे– अ-आ, इ-ई, उ-ऊ

ब. **असवर्ण स्वर**– ये भिन्न-भिन्न स्वरों के जोड़ेवाले होते हैं।

जैसे– अ-इ, उ-ओ, ए-ऐ, ओ-औ आदि।



नोट : **'ए'** तथा **'ओ'** को ही शुद्ध स्वर माना जाता है **'ऐ'** और **'औ'** को नहीं। क्योंकि **'ऐ'** तथा **'औ'** को अपभ्रंश स्वरों के बाद विकसित किया गया है।

3. **ओंठों की आकृति के आधार पर**– स्वर दो प्रकार के होते हैं।

(अ) **वृत्ताकार स्वर**– वे स्वर जिनका उच्चारण करते समय ओंठ गोल हो जाते हैं, **'वृत्ताकार स्वर'** कहलाते हैं।

जैसे– उ, ऊ, ओ, औ ④

(ब) **अवृत्ताकार स्वर**– वे स्वर जिनका उच्चारण करते समय ओंठ फैल जाते हैं, **'अवृत्ताकार स्वर'** कहलाते हैं।

जैसे– अ, आ, इ, ई, ऋ, ए, ऐ ⑦



4. <u>जिह्वा की सक्रियता या प्रयत्न के आधार पर</u>—स्वरों के तीन भेद होते हैं।

(अ) **अग्र स्वर**— वे स्वर जिनके उच्चारण में जिह्वा के अग्र भाग में सक्रियता या प्रयत्न होता है, '**अग्र स्वर**' कहलाते हैं।
जैसे— इ, ई, ऋ, ए, ऐ

(ब) **मध्य स्वर**— वे स्वर जिनके उच्चारण में जिह्वा के मध्य भाग में सक्रियता या प्रयत्न होता है, '**मध्य स्वर**' कहलाते हैं।
जैसे— अ

(स) **पश्च स्वर**— वे स्वर जिनके उच्चारण में जिह्वा के पश्च भाग में सक्रियता या प्रयत्न होता है, '**पश्च स्वर**' कहलाते हैं।
जैसे— आ, उ, ऊ, ओ, औ, ऑ



5. <u>मुख की आकृति के आधार पर</u>— स्वरों के चार भेद होते हैं।

(अ) **विवृत्त स्वर**— विवृत्त का शाब्दिक अर्थ '**पूरा खुलना**' होता है।

वे स्वर जिनका उच्चारण करते समय मुख पूरा खुल जाता हो, **'विवृत्त स्वर'** कहलाते हैं। **जैसे**– आ

(ब) **अर्द्धविवृत्त स्वर**– अर्द्धविवृत्त का शाब्दिक अर्थ **'आधा खुलना'** है। वे स्वर जिनका उच्चारण करते समय मुख आधा खुलता हो, **'अर्द्धविवृत्त स्वर'** कहलाते हैं। **जैसे**– अ, ऐ, औ, ऑ

(स) **संवृत्त स्वर**– संवृत्त का शाब्दिक अर्थ **'बंद होना'** होता है। वे स्वर जिनका उच्चारण करते समय मुख प्रायः बन्द-सा रहता हो, **'संवृत्त स्वर'** कहलाते हैं। **जैसे**– इ, ई, उ, ऊ, ऋ

(द) **अर्द्धसंवृत्त स्वर**– वे स्वर जिनका उच्चारण करते समय मुख संवृत्त की तुलना में थोड़ा अधिक खुलता हो और अर्द्धविवृत्त की तुलना में थोड़ा अधिक बंद रहता हो, **'अर्द्धसंवृत्त स्वर'** कहलाते हैं। **जैसे**– ए, ओ



5. **<u>उच्चारण स्थान के आधार पर</u>**– स्वर चार प्रकार के होते हैं।

(अ) **कंठ्य स्वर**– वे स्वर जिनका उच्चारण कंठ से होता हो, **'कंठ्य स्वर'** कहलाते हैं। **जैसे**– अ, आ

(ब) **तालव्य स्वर**– वे स्वर जिनका उच्चारण करते समय जीभ का अग्र भाग तालु को स्पर्श करता हो, **'तालव्य स्वर'** कहलाते हैं। **जैसे**– इ, ई, ए, ऐ

(स) **मूर्द्धन्य स्वर**– वे स्वर जिनका उच्चारण करते समय जीभ का

अग्र भाग मूर्द्धा अर्थात् मसूड़ों को स्पर्श करता हो, **'मूर्द्धन्य स्वर'** कहलाते हैं। **जैसे**– ऋ

(द) **ओष्ठ्य स्वर**– वे स्वर जिनका उच्चारण ओंठों से होता हो, **'ओष्ठ्य स्वर'** कहलाते हैं। **जैसे**– उ, ऊ, ओ, औ

नोट: कुछ स्वरों में दो प्रकार के विजातीय स्वरों की ध्वनि होती है। इस कारण से उनके उच्चारण में भी दो उच्चारण-स्थानों का योगदान रहता है। ऐसे स्वर निम्नलिखित दो प्रकार के हैं–

(I) **कंठतालव्य स्वर**– वे स्वर जिनका उच्चारण कंठ एवं तालु दोनों से होता हो, **'कंठतालव्य स्वर'** कहलाते हैं। **जैसे**– ए (अ+इ), ऐ (अ+ए)

(II) **कंठोष्ठ्य स्वर**– वे स्वर जिनका उच्चारण कंठ एवं ओष्ठ दोनों से होता हो, **'कंठोष्ठ्य स्वर'** कहलाते हैं। **जैसे**– ओ (अ+उ), औ (अ+ओ)

प्रश्न : निम्नलिखित में से **'ओ'** ध्वनि है–

(अ) तालव्य (ब) ओष्ठ्य (स) मूर्द्धन्य (द) कंठतालव्य (ब)

(अ) तालव्य (ब) ओष्ठ्य (स) कंठतालव्य (द) कंठोष्ठ्य (द)



व्यंजनों का वर्गीकरण

व्यंजन वर्णों को मुख्य रूप में तीन भेदों में बाँटा गया है–

1. **स्पर्श व्यंजन**– वे व्यंजन वर्ण जिनका उच्चारण करते समय फेफड़ों से उठने वाली वायु उच्चारण-अवयवों (कंठ, तालु, मूर्द्धा, दंत, ओष्ठ आदि) से स्पर्श करते हुए बाहर निकलती हो, **'स्पर्श व्यंजन'** कहलाते हैं। इनकी संख्या पच्चीस होती हैं।

प्रत्येक वर्ग के सभी व्यंजन वर्ण स्पर्श व्यंजन होते हैं।

वर्ग	1	2	3	4	5
क्	क्	ख्	ग्	घ्	ङ्
च्	च्	छ्	ज्	झ्	ञ्
ट्	ट्	ठ्	ड्	ढ्	ण्
त्	त्	थ्	द्	ध्	न्
प्	प्	फ्	ब्	भ्	म्

(25)

2. **अन्तःस्थ व्यंजन** — वे व्यंजन वर्ण जिनमें स्वर एवं व्यंजन दोनों के गुण पाए जाते हों एवं जो स्वर एवं व्यंजन दोनों रूपों में प्रयुक्त होते हैं। इनका उच्चारण पूर्ण रूप में न तो स्वरों की भाँति ही होता है और न ही व्यंजनों की भाँति अर्थात् जिनका उच्चारण जीभ, तालु, मूर्द्धा, दाँत एवं ओंठों को परस्पर सटाने से तो होता है; परंतु कहीं भी पूर्ण स्पर्श नहीं होता। ये स्वर एवं व्यंजन के बीच की स्थिति में हैं, इसलिए 'अन्तःस्थ व्यंजन' कहलाते हैं। इनकी संख्या चार होती हैं। जैसे— य्, र्, ल्, व् ④

3. **ऊष्म व्यंजन** — वे व्यंजन वर्ण जिनका उच्चारण करते समय घर्षण के कारण मुख से वाष्पित या ऊष्म (गर्म) वायु बाहर निकलती हो, 'ऊष्म व्यंजन' कहलाते हैं। इनकी संख्या चार होती हैं।
जैसे— श्, ष्, स्, ह् ④

व्यंजन वर्णों का अन्य वर्गीकरण

दो आधारों पर

1. प्रयत्न के आधार पर
(मुख द्वारा किया जानेवाला प्रयत्न)
दो प्रकार से होता है—

2. उच्चारण स्थान के आधार पर
(1. कंठ्य, 2. तालव्य, 3. मूर्द्धन्य, 4. दंत्य, 5. ओष्ठ्य)

(अ) बाह्य प्रयत्न (वर्णों के उच्चारण के अंत में होनेवाला प्रयत्न)
बाह्य प्रयत्न के भी दो आधार होते हैं—
(i) ध्वनि (नाद) या स्वरतंत्रियों में कंपन या घोषत्व के आधार पर
(ii) प्राण तत्त्व या श्वास या उच्चारणकाल के आधार पर

(ब) अभ्यंतर प्रयत्न (वर्णों के उच्चारण के प्रारंभ में होनेवाला प्रयत्न)
अभ्यंतर प्रयत्न श्वास-अवरोध के आधार पर वर्गीकृत है।

१. **ध्वनि (नाद) या घोषत्व या स्वरतंत्रियों में कंपन के आधार पर**—
व्यंजन वर्णों के दो भेद माने गए हैं—

(अ) **अघोष** — वे व्यंजन वर्ण जिनका उच्चारण करते समय ध्वनि बहुत कम मात्रा में उत्पन्न होती हो तथा स्वरतंत्रियों में कम्पन नहीं होता हो, 'अघोष व्यंजन' कहलाते हैं।
जैसे— प्रत्येक वर्ग के पहले व दूसरे व्यंजन वर्ण + श, ष, स (13)

(ब) **सघोष/घोष** — वे व्यंजन वर्ण जिनका उच्चारण करते समय ध्वनि अघोष वर्णों की तुलना में अधिक मात्रा में बाहर निकलती हो तथा स्वरतंत्रियों में कंपन (झंकृत) होता हो, 'सघोष व्यंजन' कहलाते हैं।
जैसे— प्रत्येक वर्ग के तीसरे, चौथे व पाँचवें व्यंजन वर्ण + य, र, ल, व, ह (20)
सभी स्वर भी सघोष/घोष होते हैं।

अघोष	1	2	3	4	5	सघोष
	क्	ख्	ग्	घ्	ङ्	
श, ष, स +	च्	छ्	ज्	झ्	ञ्	+ य, र, ल, व, ह
	ट्	ठ्	ड्	ढ्	ण्	+
	त्	थ्	द्	ध्	न्	सभी स्वर (11)
(13)	प्	फ्	ब्	भ्	म्	(31)

२. **प्राणतत्त्व या श्वास या उच्चारणकाल के आधार पर**—
व्यंजन वर्णों के दो भेद माने गए हैं—

(अ) **अल्पप्राण** — वे व्यंजन वर्ण जिनका उच्चारण करते समय निकलने वाली प्राणवायु या श्वास बहुत कम मात्रा में बाहर निकलती हो या जिनका उच्चारणकाल बहुत छोटा होता हो, 'अल्पप्राण व्यंजन' कहलाते हैं।
जैसे— प्रत्येक वर्ग के पहले, तीसरे व पाँचवें वर्ण + य, र, ल, व (19)

(ब) **महाप्राण** — वे व्यंजन वर्ण जिनका उच्चारण करते समय निकलने वाली प्राणवायु या श्वास अधिक मात्रा में बाहर निकलती हो या जिनका उच्चारणकाल लंबा होता हो, 'महाप्राण व्यंजन' कहलाते हैं।
जैसे— प्रत्येक वर्ग के दूसरे व चौथे व्यंजन वर्ण + श, ष, स, ह (14)

नोट: शब्दों में किसी भी वर्ग के महाप्राण व्यंजन वर्ण से पहले अथवा बाद में सदैव अल्पप्राण वर्णों या श, ष, स, ह का ही संयोग हो सकता है।

श्, ष्, स्, ह् महाप्राण वर्णों को छोड़कर किन्ही भी वर्गों के दो महाप्राण वर्ण शब्दों में कभी भी एक साथ नहीं आते हैं।

उदाहरण– मक्खी, उत्थान, इच्छा, बग्घी, अच्छा, गाड्ढा, बुड्ढा, खम्भा, शुद्ध, पत्थर, सन्धान, उच्छ्वास, कुम्भ, अर्थ, घग्घर, पृथ्वी, वृद्ध, निष्ठा, श्रेष्ठ, स्थान, दुश्शील, दुस्साहस, निश्छल, स्थापना, अनुष्ठान।

सभी स्वर अल्पप्राण वर्ण होते हैं।

अल्पप्राण (30)		
1	3	5
क्	ग्	ङ्
च्	ज्	ञ्
ट्	ड्	ण्
त्	द्	न्
प्	ब्	म्
(15)		
+		
य्	र्	ल् व्
(4)		
+		
सभी स्वर		
(11)		

महाप्राण (14)	
2	4
ख्	घ्
छ्	झ्
ठ्	ढ्
थ्	ध्
फ्	भ्
(10)	
+	
श् ष्	स् ह्
(4)	

3. **उच्चारण स्थान के आधार पर**– व्यंजनों के पाँच भेद किए गए हैं–

(अ) **कंठ्य व्यंजन**– वे व्यंजन वर्ण जिनका उच्चारण कंठ से होता हो, 'कंठ्य व्यंजन' कहलाते हैं। **जैसे**– 'क्' वर्ग के सभी व्यंजन वर्ण + ह् ⑥

(ब) **तालव्य व्यंजन**– वे व्यंजन वर्ण जिनका उच्चारण करते समय जीभ का अग्र भाग तालु को स्पर्श करता हो, 'तालव्य व्यंजन' कहलाते हैं। **जैसे**– 'च्' वर्ग के सभी व्यंजन वर्ण + य्, श् ⑦

(स) **मूर्द्धन्य व्यंजन**– वे व्यंजन वर्ण जिनका उच्चारण करते समय जीभ का अग्र भाग मूर्द्धा अर्थात् मसूड़ों को स्पर्श करता हो, 'मूर्द्धन्य व्यंजन' कहलाते हैं। **जैसे**– 'ट्' वर्ग के सभी व्यंजन वर्ण + र्, ल् ⑦

(द) **दंत्य व्यंजन**– वे व्यंजन वर्ण जिनका उच्चारण करते समय जीभ का अग्र भाग दाँतों को स्पर्श करता हो, '**दंत्य व्यंजन**' कहलाते हैं। **जैसे**– 'त्' वर्ग के सभी व्यंजन वर्ण + ल्, स् ⑦

(य) **ओष्ठ्य व्यंजन** – वे व्यंजन वर्ण जिनका उच्चारण ओंठों के खुलने से व बंद होने से होता हो, **'ओष्ठ्य व्यंजन'** कहलाते हैं।
जैसे – 'प्' वर्ग के सभी व्यंजन वर्ण + व् ⑥

नोट: (i) **काकल्य व्यंजन** – वे व्यंजन वर्ण जिनका उच्चारण कंठ के नीचे के कोमल भाग अर्थात् काकल से होता हो, **'काकल्य व्यंजन'** कहलाते हैं। **जैसे** – 'ह्'

(ii) **वर्त्स्य व्यंजन** – वे व्यंजन वर्ण जिनका उच्चारण जीभ के अग्र भाग का दाँतों एवं मसूड़ों के मिलने के स्थान (संधि-स्थल अर्थात् वर्त्स) से स्पर्श करने से होता हो, **'वर्त्स्य व्यंजन'** कहलाते हैं। **जैसे** – 'ज्', 'न्', 'ल्', 'स्', 'र्'

(iii) **दंतोष्ठ्य व्यंजन** – वे व्यंजन वर्ण जिनका उच्चारण करते समय नीचे का ओंठ ऊपर के दाँतों को स्पर्श करता हो, **'दंतोष्ठ्य व्यंजन'** कहलाते हैं। **जैसे** – 'फ़्', 'व़्' (फ़ का प्रयोग उर्दू शब्दों एवं व़ का प्रयोग अंग्रेजी शब्दों में होता है)

(iv) 'ड़्' एवं 'ढ़्' उत्क्षिप्त व्यंजन होने के साथ-साथ मूर्द्धन्य व्यंजन वर्ण भी हैं।

(v) **अलिजिह्व वर्ण** – क़्, ख़्, ग़्, ज़्, फ़् (अरबी-फ़ारसी भाषा के वर्ण)



4. **आभ्यंतर प्रयत्न अथवा श्वास अवरोध के आधार पर** – वर्णों के उच्चारण के समय श्वास के द्वारा जो प्रयत्न प्रारंभ में किया जाता है, उसे **'आभ्यंतर प्रयत्न'** कहते हैं। इस आधार पर व्यंजन वर्णों के आठ भेद किए गए हैं –

(i) **प्रकंपी अथवा लुंठित व्यंजन** – वे व्यंजन वर्ण जिनका उच्चारण करते समय जीभ गोल होती हो तथा श्वास वायु जीभ के ऊपर से लुढ़कती

हुई बाहर निकलती हो एवं साथ ही जीभ में कम्पन होता हो, **'प्रकंपी'** अथवा **'लुंठित व्यंजन'** कहलाते हैं। **जैसे** – 'र्'

(ii) **पार्श्विक व्यंजन** – वे व्यंजन वर्ण जिनका उच्चारण करते समय जीभ कठोर तालु को स्पर्श करती हो तथा श्वास वायु जीभ के दोनों ओर बगल से (पार्श्व से) बाहर निकलती हो, **'पार्श्विक व्यंजन'** कहलाते हैं। **जैसे** – 'ल'

(iii) **स्पर्शी व्यंजन** – वे व्यंजन वर्ण जिनका उच्चारण करते समय श्वास-वायु उच्चारण-अवयवों को स्पर्श करते हुए बाहर निकलती हो, **'स्पर्शी व्यंजन'** कहलाते हैं। **जैसे** – 'क्'वर्ग : क्, ख्, ग्, घ् 'ट्'वर्ग : ट्, ठ्, ड्, ढ्
'त्'वर्ग : त्, थ्, द्, ध् 'प्'वर्ग : प्, फ्, ब्, भ्

(iv) **स्पर्श-संघर्षी व्यंजन** – वे व्यंजन वर्ण जिनका उच्चारण करते समय दो उच्चारण-अवयव परस्पर चिपक जाते हों और तब तक नहीं छूटते हों जब तक उस व्यंजन वर्ण का उच्चारण न हो जाए। यही कारण है कि ऐसी स्थिति में निकलने वाली श्वास वायु घर्षण के साथ बाहर निकलती है, **'स्पर्श-संघर्षी व्यंजन'** कहलाते हैं। **जैसे** – 'च्'वर्ग : च्, छ्, ज्, झ्

(v) **संघर्षी व्यंजन** – वे व्यंजन वर्ण जिनका उच्चारण करते समय दो उच्चारण-अवयव परस्पर इतने समीप आ जाते हैं कि श्वसनमार्ग के संकरे होने से श्वास वायु बहुत अधिक घर्षण या संघर्ष के साथ बाहर निकलती है, **'संघर्षी व्यंजन'** कहलाते हैं। **जैसे** – श्, ष्, स्, ह्

(vi) **नासिक्य व्यंजन** – वे व्यंजन वर्ण जिनका उच्चारण करते समय श्वास वायु मुख के साथ-साथ नाक से भी बाहर निकलती हो, **'नासिक्य व्यंजन'** कहलाते हैं। **जैसे** – ङ्, ञ्, ण्, न्, म्

(vii) **अर्द्धस्वर या संघर्षहीन व्यंजन** – वे व्यंजन वर्ण जिनका उच्चारण करते समय श्वास वायु बिना संघर्ष के बाहर निकल जाती हो, **'संघर्षहीन व्यंजन'** कहलाते हैं। **जैसे** – य्, व्

इन वर्णों में स्वर एवं व्यंजन दोनों के गुण पाए जाते हैं तथा ये वर्ण स्वर एवं व्यंजन दोनों रूपों में प्रयुक्त होते हैं। अतः इन्हें **'अर्द्धस्वर'** भी कहते हैं।

(viii) **उत्क्षिप्त व्यंजन** – वे व्यंजन वर्ण जिनका उच्चारण करते समय जीभ ऊपर उठती हो और श्वास वायु को बाहर फेंककर झटके के साथ नीचे गिरती हो, मानो फेंक कर मारी गई हो, **'उत्क्षिप्त व्यंजन'** कहलाते हैं। **जैसे** – ड़्, ढ़् 'इन्हें ताड़नजात, द्विस्पृष्ट या द्विगुण व्यंजन भी कहते हैं।'

स्वर एवं व्यंजन तथा अन्य वर्ण : संक्षिप्त वर्गीकरण

वर्ग	स्वर-तंत्रियों के आधार पर		प्राण तत्त्व के आधार पर		उच्चारण-स्थान	व्यंजन	स्वर	योग
	अघोष	सघोष	अल्पप्राण	महाप्राण				
	1 2	3 4 5	1 3 5	2 4				
क	क ख	ग घ ङ	क ग ङ	ख घ	कण्ठ्य	ह	अ,आ	8
च	च छ	ज झ ञ	च ज ञ	छ झ	तालव्य	य, श	इ,ई,ए,ऐ	11
ट	ट ठ	ड ढ ण	ट ड ण	ठ ढ	मूर्द्धन्य	र, ष	ऋ	8
त	त थ	द ध न	त द न	थ ध	दन्त्य	ल, स	—	7
प	प फ	ब भ म	प ब म	फ भ	ओष्ठ्य	व	उ,ऊ,ओ,औ	10
	स्पर्श व्यंजन (25)							
	श ष स	य र ल व ह + सभी स्वर	य र ल व (अंतःस्थ-4) + सभी स्वर	श ष स ह (ऊष्म-4)	25	8	11	44
	13	20 + 11 स्वर	19 + 11 स्वर	14				
	13+20=33+11=44 वर्ग		19+14=33+11=44 वर्ग					

स्वरों के अन्य वर्गीकरण

1. मूल स्वर : अ, इ, उ, ऋ
2. संयुक्त स्वर : ए, ऐ, ओ, औ
3. सवर्ण : अ-आ, इ-ई, उ-ऊ, ऋ-ॠ
4. सन्ध्यक्षर : ए, ऐ, ओ, औ
5. संध्यक्षर-संबंधक : य, व
6. मात्रा संबंधी : ा, ि, ी, ु, ू, ृ, ॄ, े, ै, ो, ौ
7. अनुनासिक : ँ, ं, ः, ा, ि, ी, ु, ू, ृ, ॄ, े, ै, ो, ौ
8. अर्द्ध स्वर : य, व

व्यंजनों के अन्य वर्गीकरण

1. अनुनासिक/संनादी (8 मूल) : ङ, ञ, ण, न, म, ड़, ढ़, ँ
2. पार्श्विक : ल
3. सघोष : ग, घ, ङ, ज, झ, ञ, ड, ढ, ण, द, ध, न, ब, भ, म, ड़, ढ़, य, र, ल, व, ह
4. महाप्राण : ख, घ, छ, झ, ठ, ढ, थ, ध, फ, भ, ष, श, ह, ढ़
5. संघर्षी-संघर्षक : श, ष, स, ह, फ, ज़, ख़, ग़
6. मात्रासंबंधी : ा, ि, ी, ु, ू, ृ, ॄ, े, ै, ो, ौ
7. अल्पप्राण : क, ग, ङ, च, ज, ञ, ट, ड, ण, त, द, न, प, ब, म, य, र, ल, व
8. अर्द्ध स्वर : य, व

स्वरों के अवरोध में आधार पर व्यंजन (8 मूल)

1. मूर्द्धन्य : ट, ठ, ड, ढ, ण, र, ष
2. तालव्य : च, छ, ज, झ, ञ, य, श
3. दन्त्य : त, थ, द, ध, न, ल, स
4. ओष्ठ्य : प, फ, ब, भ, म, व
5. कण्ठ्य : क, ख, ग, घ, ङ, ह
6. कण्ठ्य-तालव्य : ख़, ग़
7. दन्त्य-मूर्द्धन्य : ड़, ढ़
8. दन्त्य-ओष्ठ्य : फ़

विगत् वर्षों में 'वर्ण-विचार' अध्याय से प्रश्न

1. इनमें से कौन सा कथन गलत है? उपकारागार अधीक्षक-2013
(1) 'ऋ' का उच्चारण स्थान मूर्धा है। AJ-(15.3.2016)
(2) 'य' और 'व' को अर्धस्वर भी कहते हैं।
(3) स्वरों के उच्चारण में किसी अन्य वर्ण की सहायता नहीं ली जाती।
(4) व्यंजन वर्णों के उच्चारण में स्वरों के उच्चारण से दुगुना समय लगता है।

2. इनमें से कौन सा कथन सही है?
(1) समस्त स्वर महाप्राण होते हैं। (2) मात्राओं का स्वर से कोई संबंध नहीं है।
(3) उच्चारण की दृष्टि से 'उ-ऊ' ओष्ठ्य माने गये हैं।
(4) विसर्ग की गणना नासिक्य वर्णों में की जाती है।

3. हिन्दी वर्णमाला में कितने स्वर हैं? (1) 10 (2) 11 (3) 12 (4) 13

4. हिन्दी वर्णमाला में मुख्य (मूल) स्वर कितने हैं? (1) 4 (2) 5 (3) 6 (4) 7

5. हिन्दी वर्णमाला में संयुक्त स्वर कितने हैं? (1) 3 (2) 4 (3) 5 (4) 6

6. इनमें से कौन सा स्वर दीर्घ है? (1) आ (2) इ (3) उ (4) ऋ

7. इनमें से कौन से स्वर परस्पर सवर्ण (सजातीय) हैं?
(1) अ-इ (2) उ-ऊ (3) ए-ऐ (4) ओ-औ

8. हिन्दी वर्णमाला में 'स्पर्श व्यंजन' कितने हैं? (1) 10 (2) 15 (3) 20 (4) 25

9. इनमें से कौन सा वर्ण 'अल्पप्राण' नहीं है? (1) झ (2) ड (3) द (4) स

10. हिन्दी वर्णमाला का 'ग्यारहवाँ व्यंजन' कौन सा है? (1) ट (2) ठ (3) ढ (4) ञ

11. उच्चारण की दृष्टि से कौन सा वर्ण 'तालव्य' है? (1) क (2) ज (3) ट (4) व

12. इनमें से कौन सा वर्ण 'मूर्धन्य' नहीं है? (1) ई (2) ऋ (3) ठ (4) ण

13. इनमें से कौन सा वर्ण 'कंठ्य' नहीं है? (1) आ (2) इ (3) ख (4) ह

14. इनमें 'नासिक्य व्यंजन' कौन सा है? (1) ड़ (2) प (3) म (4) य

15. इनमें 'उत्क्षिप्त व्यंजन' कौन सा है? (1) ड़ (2) फ (3) र (4) ल

16. निम्नलिखित में से कौनसी बात गलत है? उपनिरीक्षक-2010 PSI-(24.5.2011)
(1) 'ख' कंठ्य, महाप्राण, अघोष है।
(2) 'च' तालव्य, अल्पप्राण, अघोष है।
(3) 'ध' दन्त्य, महाप्राण, सघोष है।
(4) 'ब' ओष्ठ्य, महाप्राण, सघोष है।

17. संयुक्तों को छोड़कर हिन्दी में मूल वर्णों की संख्या हैं—(1) 36 (2) 44 (3) 48 (4) 53

18. यदि नीचे का ओंठ पूरी तरह काट दिया जाए तो किस ध्वनि के उच्चारण में कठिनाई होगी? (1) ख (2) ध (3) ब (4) ल

19. 'पंचांग' शब्द में उच्चरित ध्वनियों का लेखन निम्नलिखित में से किसमें हुआ है? (1) पन्चाङ्ग (2) पञ्चान्ग (3) पञ्चाङ्ग (4) पङ्चाङ्ग

20. 'द्वित्व' का प्रयोग किस शब्द में नहीं हुआ है?
(1) कुत्ता (2) बग्गा (3) वल्गा (4) सच्चा

21. स्वररहित 'र्' का प्रयोग निम्नलिखित में से किसमें हुआ है?
(1) ट्रक (2) त्राटक (3) पुनर्निर्माण (4) शत्रु

22. 'उत्क्षिप्त ध्वनि' का प्रयोग किस शब्द में हुआ है?
(1) आरज़ू (2) ख़सरा (3) ज़फर (4) पढ़ाई

23. शब्दकोश में 'श्रद्धा' शब्द किस शब्द के पहले आएगा?
(1) श्याम (2) शासन (3) शौर्य (4) श्रमिक

24. ध्वनि के लिखित रूप को क्या कहते हैं? **स्टेनोग्राफर-2011**
(1) वर्ण (2) शब्द (3) पद (4) वाक्य

25. इनमें से कौन-सा वर्ण 'स्वतंत्र ध्वनि' है? (1) अ (2) क (3) न (4) प

26. इनमें से 'दीर्घ स्वर' नहीं है— (1) आ (2) इ (3) ए (4) ऐ

27. इनमें से 'कंठ्य व्यंजन' है— (1) घ (2) ट (3) त (4) प

28. इनमें से 'दंत्य व्यंजन' नहीं है— (1) च (2) त (3) थ (4) द

29. 'क्' और 'ष' का योग है— (1) ड़ (2) क्ष (3) त्र (4) ज्ञ

30. किसमें 'संयुक्त व्यंजन' है? (1) गोभी (2) भाषा (3) न्याय (4) मानव

31. हिन्दी-शब्दकोश में इनमें से कौन-सा शब्द सबसे पहले आएगा? **स्कूल प्राध्यापक-18 (3.1.2020)**
(1) दरवार (2) पकवान (3) क्षमा (4) त्राटक

32. इनमें से कौन सा कथन सही नहीं है? **II ग्रेड (विशेष शिक्षा)-2018**
(1) 'ढ़' उत्क्षिप्त वर्ण है। (2) 'म' स्पर्श व्यंजन है। **(4.7.2019)**
(3) 'श' संघर्षी वर्ण है। (4) 'ह' अल्पप्राण व्यंजन है।

33. इनमें से किस विकल्प में 'अंतःस्थ वर्ण' नहीं है? (1) अ (2) य (3) र (4) व

34. किस वर्ण का उच्चारण स्थान 'कंठोष्ठ' है? (1) उ (2) ए (3) ऐ (4) ओ

35. किस विकल्प में सभी वर्ण 'मूर्धन्य' हैं? **II ग्रेड (संस्कृत शिक्षा)-2018**
(1) ठ, ण, घ, ध (2) र, ड, ष, ट (3) ट, ढ, ष, फ (4) ण, ऋ, ढ़, झ **(20.2.2019)**

36. इनमें हिन्दी वर्णमाला से संबंधित कौन सा कथन सही नहीं है?
(1) एक ही स्थान से उच्चरित होने वाले स्वर 'सवर्ण' कहलाते हैं।
(2) उच्चारण में लगने वाले समय के आधार पर स्वरों के दो भेद किये जाते हैं।
(3) 'उ-ऊ' परस्पर सवर्ण स्वर हैं।
(4) 'ओ-औ' भी सवर्ण स्वर हैं।

रिद्धि सा

37. इनमें हिन्दी वर्णमाला से संबंधित कौन सा कथन गलत है?
(1) क वर्ग, ह तथा अ-आ 'कण्ठ्य वर्ण' माने गये हैं।
(2) समस्त स्वर 'अघोष वर्ण' होते हैं।
(3) च वर्ग को 'स्पर्श संघर्षी' भी कहते हैं।
(4) ड़-ढ़ को 'उत्क्षिप्त व्यंजन' कहते हैं।

38. किस विकल्प में सभी वर्ण 'स्पर्श व्यंजन' नहीं हैं?
(1) थ, च, फ़, ख (2) ध, झ, घ, प (3) क, ठ, ढ़, भ (4) ग, ज, य, ब

39. इनमें से कौन सा कथन सही नहीं है? **II ग्रेड – 1.11.2018**
(1) अ 'कंठ्य ध्वनि' है। (2) आ 'दीर्घ स्वर' है।
(3) इ 'मूल स्वर' है। (4) ई 'संयुक्त स्वर' है।

40. इनमें से 'महाप्राण वर्ण' है– (1) र (2) ल (3) व (4) स

41. इनमें से किस वर्ण का उच्चारण स्थान अन्य तीन वर्णों के उच्चारण स्थान से भिन्न है– (1) त (2) थ (3) श (4) स

42. इनमें से 'संघर्षी वर्ण' कौन से हैं? **II ग्रेड (विशेष शिक्षा)-2015**
(1) क्, ग् (2) त्, थ् (3) प्, फ् (4) श्, ष्

43. इनमें से 'ओष्ठ्य स्वर' कौन से हैं? (1) अ, आ (2) अ, इ (3) इ, ई (4) उ, ऊ

44. इनमें से किस विकल्प में सभी वर्ण 'तालव्य' हैं? **(19.2.2018)**
(1) इ, ज, श (2) उ, क, ख (3) त, थ, च (4) ई, ब, भ

45. इनमें से किस विकल्प में कोई भी वर्ण 'घोष' नहीं है?
(1) अ, ज, झ (2) इ, च, द (3) क, त, प (4) ग, ट, ड

46. इनमें से कौन सा कथन गलत है? **II ग्रेड-2016**
(1) स्वर 'अघोष ध्वनियाँ' होती हैं। **(1.7.2017)**
(2) 'अ' कंठ्य ध्वनि है। (3) 'ऊ' ओष्ठ्य ध्वनि है। (4) 'क' स्पर्श व्यंजन है।

47. इनमें से किस विकल्प में सभी ध्वनियाँ 'दंत्य' हैं?
(1) त, थ, श (2) त, थ, स (3) त, द, ष (4) द, ध, ह

48. शब्दकोश की दृष्टि से शब्दों का सही क्रम किस विकल्प में है?
(1) उत्कंठा, उत्क्षिप्त, उद्योग, उद्वेग **स्कूल प्राध्यापक-2015**
(2) उत्कंठा, उत्क्षिप्त, उद्वेग, उद्योग **(24.07.2016)**
(3) उत्क्षिप्त, उत्कंठा, उद्योग, उद्वेग
(4) उत्क्षिप्त, उत्कंठा, उद्वेग, उद्योग

49. शब्दकोश की दृष्टि से शब्दों का सही क्रम किस विकल्प में है?
(1) कंठस्थ, कमल, कलई, कलंक (2) कमल, कंठस्थ, कलई, कलंक
(3) कंठस्थ, कमल, कलंक, कलई (4) कमल, कंठस्थ, कलंक, कलई

50. इनमें कौन सा शब्द शब्द-कोश में पहले आएगा? **स्कूल प्राध्यापक-13**
(1) ग्लानि (2) ग्रहण (3) गुरु (4) गृहीत (14.8.2014)

51. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द शब्द-कोश में सबसे बाद में आएगा?
(1) ह्रास (2) हृदय (3) हार्दिक (4) हृषीकेश

52. 'अ' स्वर का उच्चारण स्थान है— **II ग्रेड-2014**
(1) कण्ठ (2) तालु (3) मूर्द्धा (4) ओष्ठ

53. निम्नलिखित में से किस वर्ण के उच्चारण में जिह्वा दाँतों का स्पर्श करती है? (1) क (2) च (3) त (4) प

54. 'स्पर्श व्यंजनों' को उच्चारण-स्थान के आधार पर कितने भागों में बाँटा गया है? (1) दो (3) तीन (3) चार (4) पाँच

55. इनमें 'कंठतालव्य' स्वर हैं- (1) ए, ऐ (2) ए, ऊ (3) ए, ओ (4) ओ, उ

56. इनमें से किस विकल्प में 'तालव्य' व्यंजन हैं? (1) क, ख, ग, घ, ङ
(2) च, छ, ज, झ, ञ (3) ट, ठ, ड, ढ, ण (4) प, फ, ब, भ, म

57. 'अनुनासिक ध्वनियों' का सही क्रम है— (1) ङ, ण, न, ञ, म
(2) ङ, ञ, ण, न, म (3) ञ, म, ण, न, ङ (4) ञ, म, ङ, ण, न

58. उच्चारण-स्थान की दृष्टि से 'तालव्य व्यंजन' है— **II ग्रेड-2011**
(1) ज (2) त (3) प (4) व

59. अपभ्रंश के आठ स्वरों के पश्चात् हिन्दी में किन दो नए स्वरों का विकास हुआ है? (1) ई, ऐ (2) उ, ए (3) ऊ, औ (4) ऐ, औ

60. स्वर-तंत्रियों में कम्पन के आधार पर हिन्दी वर्णमाला में व्यंजनों के दो वर्ग बनते हैं— (1) अल्पप्राण, महाप्राण
(2) अघोष, सघोष (3) अन्तःस्थ, स्पर्श (4) ऊष्म, स्पर्श

61. किस क्रम में 'पार्श्विक व्यंजन' है? **III ग्रेड-2012**
(1) च (2) ट (3) ठ (4) ल

62. किस क्रम में 'अल्पप्राण ध्वनियाँ' हैं?
(1) क, ल (2) ख, ढ (3) ठ, भ (4) फ, ध

63. किस क्रम में 'विवृत्त स्वर' है? (1) आ (2) ई (3) उ (4) ए

64. भाषा में स्वतंत्र रूप से उच्चरित ध्वनियों को निम्नलिखित में से किस नाम से जाना जाता है? (1) अक्षर (2) ध्वनि (3) वर्ण (4) स्वर

65. किस क्रम में 'अघोष व्यंजन' हैं? (1) त, थ (2) न, ब (3) ट, ड (4) व, ह

66. किस क्रम में 'मूल स्वर' है? (1) ई (2) उ (3) ए (4) औ

67. इनमें 'संयुक्त व्यंजन' है— (1) कृ (2) ड (3) ढ (4) न

68. किस क्रम में 'सघोष व्यंजन' हैं? (1) क, ख (2) त, थ (3) प, फ (4) य, र

69. किस क्रम में 'अघोष व्यंजन' हैं? (1) ड,ण (2) य,र (3) व,ह (4) श,स
70. इनमें 'सघोष-अल्पप्राण' है— (1) क (2) घ (3) छ (4) द
71. 'क्ष' ध्वनि निम्नलिखित में से किसके अंतर्गत आती है?
(1) मूल शब्द (2) घोष वर्ण (3) संयुक्त वर्ण (4) तालव्य
72. 'ए-ऐ' वर्ण कहलाते हैं— (1) कंठतालव्य (2) मूर्द्धन्य (3) नासिक्य (4) ओष्ठ्य
73. इनमें 'अल्पप्राण वर्ण' हैं— (1) क,ग (2) त,थ (3) फ,भ (4) थ,छ
74. इनमें 'महाप्राण वर्ण' हैं— (1) क,च (2) ख,घ (3) त,द (4) य,र
75. 'ई' स्वर का उच्चारण-स्थान है— (1) कण्ठ (2) तालु (3) मूर्धा (4) ओष्ठ
76. कौनसा वर्ण 'घोष' नहीं है? (1) अ (2) ए (3) छ (4) ड
77. 'ज्ञ' किसके योग से बना है? **पटवार-2011**
(1) ज्+अ (2) ज्+ग (3) ज्+ञ (4) ग्+य
78. स्वर-तंत्रियों में कम्पन के आधार पर हिन्दी वर्णमाला में व्यंजनों के दो वर्ग कौनसे बनते हैं? (1) अल्पप्राण, महाप्राण
(2) अघोष, सघोष (3) अन्तःस्थ, ऊष्म (4) कंठ्य, तालव्य
79. 'ऋ' को क्या कहेंगे? (1) अक्षर (2) स्वर (3) व्यंजन (4) वर्णमाला
80. किस क्रम में 'अंतःस्थ व्यंजन' हैं? (1) ट,ढ (2) र,ल (3) श,स (4) व,स
81. 'प,फ' का उच्चारण-स्थान है— (1) कण्ठ (2) तालु (3) दन्त (4) ओष्ठ
82. किस क्रम में 'सघोष-महाप्राण-काकल्य' व्यंजन है? (1) क (2) छ (3) ल (4) ह
83. किस क्रम में 'ड़,ढ़' के लिए सटीक बात कही गई है?
(1) उत्क्षिप्त मूर्धन्य व्यंजन (2) पार्श्विक व्यंजन
(3) स्पर्श संघर्षी व्यंजन (4) स्पर्शी व्यंजन
84. जिन स्वरों के उच्चारण में मुख सबसे कम खुलता है, उन्हें कहते हैं—
(1) अग्र स्वर (2) पश्च स्वर (3) संवृत्त स्वर (4) विवृत्त स्वर
85. 'ओइम्' को किस तरह का स्वर कहा जाता है?
(1) ह्रस्व स्वर (2) दीर्घ स्वर (3) घोष स्वर (4) प्लुत् स्वर
86. निम्नलिखित में से 'मूर्धन्य ध्वनियाँ' कौनसी हैं?
(1) च,छ,ज,झ (2) ट,ठ,ड,ढ (3) त,थ,द,ध (4) प,फ,ब,भ
87. व्यंजन ध्वनियों का वर्गीकरण मुख्यतः कितने आधारों पर किया जाता है? (1) एक (2) दो (3) तीन (4) पाँच
88. निम्नलिखित में अशुद्ध आक्षरिक खण्ड है—
(1) क्+ष=क्ष (2) त्+र=त्र (3) ग्+य=ग्य (4) श्+र=श्र
89. 'स्पर्श व्यंजनों' की कुल संख्या हैं— (1) 21 (2) 24 (3) 25 (4) 26
90. हिन्दी वर्णमाला में 'ऊष्म व्यंजन' कितने हैं? (1) 2 (2) 3 (3) 4 (4) 5

91. शब्दकोश की दृष्टि से शब्दों का **सही क्रम** किस विकल्प में है?
(1) उऋण, ऋषि, ग्रीष्म, ज्ञान **स्कूल प्राध्या.-सं.शि.**
(2) उऋण, ऋषि, ज्ञान, ग्रीष्म **(5.8.2020)**
(3) ऋषि, उऋण, ग्रीष्म, ज्ञान
(4) ऋषि, उऋण, ज्ञान, ग्रीष्म

92. निम्न में **अशुद्ध** आक्षरिक खण्ड है— **(BSTC-2018)**
(1) क् + ष = क्ष (2) त् + र = त्र (3) ज्ञ् + य = ज्ञ (4) श्र् + र = श्र

93. निम्न में से किसमें **गलत कथन** है? **(BSTC-2016)**
(1) हिन्दी शब्दकोश में 'त्' से आरंभ होने वाले सब शब्दों के बाद 'ज्ञ' से आरंभ होने वाले शब्द होते हैं।
(2) हिन्दी के दो व्यंजन किसी भी शब्द के आरंभ में प्रयुक्त नहीं होते।
(3) अनुस्वार और विसर्ग दोनों ध्वनियाँ अयोगवाह हैं।
(4) हिन्दी में एक भी धातु व्यंजनांत नहीं है।

94. **'क्ष'** वर्ण किस वर्ग के व्यंजन हैं? **(BSTC-2014)**
(1) क् + च (2) क् + छ (3) क् + ष (4) उक्त सभी

95. **'य, र, ल, व'** किस वर्ग के व्यंजन हैं?
(1) अंत:स्थ (2) ऊष्म (3) ओष्ठ्य (4) तालव्य

96. किस क्रम में **'वृत्तमुखी स्वर'** नहीं है? **(BSTC-2013)**
(1) आ (2) ऊ (3) ओ (4) औ

97. किस क्रम में **'पश्च स्वर'** है? (1) ई (2) उ (3) ए (4) ऐ

98. निम्नलिखित में से शब्दकोश की दृष्टि से **सही क्रम** है—
(1) अवगुण, अवज्ञा, अवतरण, अवनति
(2) निर्जन, नियम, निर्दोष, निश्चल
(3) पराधीन, पराजय, पराभव, पराक्रम
(4) विनाश, विदेश, विपक्ष, विज्ञान

99. निम्नलिखित वर्ण **'अल्पप्राण'** नहीं हैं— **(PTET-2019)**
(1) वर्ग के 1, 3 एवं 5 (2) श, ष, स, ह (3) य, व (4) र, ल

100. **'अन्त:स्थ'** संज्ञक वर्ण हैं— (1) अ, इ, उ, ऋ
(2) क्, च्, ट्, त्, प् (3) य्, र्, ल्, व् (4) श्, ष्, स्, ह्

101. **'च'** का उच्चारण-स्थान है— **(PTET-2020)**
(1) कण्ठ (2) ओष्ठ (3) मूर्धा (4) तालु

102. **'य'** का उच्चारण-स्थान है—
(1) ओष्ठ (2) कण्ठ (3) तालु (4) दन्त

103. हिन्दी में 'आ' स्वर को माना जाता है—
(1) विवृत्त (2) अर्द्धविवृत्त (3) संवृत्त (4) अर्द्धसंवृत्त

104. नाद के आधार पर व्यंजन के दो वर्ग कौनसे हैं?
(1) अघोष - सघोष (2) अल्पप्राण - महाप्राण
(3) स्पर्श - ऊष्म (4) स्पर्श - अन्तःस्थ

105. जिन स्वरों का उच्चारण करते समय मुख प्रायः बन्द-सा रहता है, कहलाते हैं— (1) अर्द्धविवृत्त स्वर
(2) विवृत्त स्वर (3) अर्द्धसंवृत्त स्वर (4) संवृत्त स्वर

106. 'त, थ, द' का उच्चारण-स्थान है— (PTET-2021)
(1) कण्ठ (2) ओष्ठ (3) दन्त (4) तालु

107. इनमें 'संयुक्त व्यंजन' है—(1) क (2) क्ष (3) अः (4) ऑ

108. इनमें 'संयुक्त व्यंजन' है—(1) ज्ञ (2) ड (3) ड़ (4) ढ़

109. इनमें 'तालव्य ध्वनि' है—(1) ग (2) ज (3) ठ (4) फ

110. हिन्दी में 'स्पर्श व्यंजन' है—(1) 25 (2) 30 (3) 45 (4) 54

111. 'फ' का उच्चारण-स्थान है— (स्टेनोग्राफर-2021)
(1) ओष्ठ (2) कण्ठ (3) दन्त (4) मूर्धा

112. 'कण्ठ्य ध्वनि' का उदाहरण है—(1) क (2) च (3) ट (4) त

113. हिन्दी वर्णमाला में स्वर हैं—(1) 10 (2) 11 (3) 12 (4) 13

114. अनुनासिक का सम्बन्ध होता है— (1) नाक और मुख से
(2) केवल नाक से (3) केवल मुख से (4) इनमें से कोई नहीं

115. शब्दकोश में सबसे पहले शब्द आएगा— (REET-2022)
(1) अर्थोन्माद (2) अब (3) अलग (4) अभ्यस्त

116. अपने विचारों को प्रकट करने के लिए जिस माध्यम का सहारा लेते हैं—उसे कहते हैं:
(1) ध्वनि-समय (2) भाषा (3) भावानुकूलित (4) वर्णमाला

117. उच्चारण-स्थान के आधार पर 'उ, ऊ, प, फ, ब, भ, म' कहलाते हैं—(1) ओष्ठ्य (2) कण्ठ्य (3) तालव्य (4) दन्त्य

118. निम्न में से शब्दकोश क्रम से सही हैं—
(1) आदर, उदारता, अप्रिय (2) ईमानदारी, नम्रता, विपत्ति
(3) सफल, कठिन, काम (4) सभी, सुमति, अहंकार

119. शब्दकोश क्रम की दृष्टि से निम्नलिखित शब्द सही व्यवस्थित हैं—(1) अपर, और, कालिदास (2) गलत, मापदण्ड, पाढ़-देश
(3) गिरि, प्रतिनिधित्व, कठोर (4) समाढ़लक्ष, सूखी, अलकनंदा

120. 'कठिन' शब्द में रेखांकित व्यंजन प्रयत्न के आधार पर भेद है—(1) अघोष (2) घोष (3) महाप्राण (4) संघर्षी

121. निम्नलिखित में 'संवृत्त स्वर' हैं—(II ग्रेड-2022)
(1) अ, आ (2) उ, ऊ (3) ए, ऐ (4) ओ, औ

122. 'दन्तोष्ठ्य व्यंजन' है— (1) त (2) थ (3) प (4) व

123. 'ऋ' का उच्चारण-स्थान है—
(1) कण्ठ (2) तालु (3) दन्त्य (4) मूर्धा

124. 'ट, ठ, ष' का उच्चारण-स्थल है—
(1) कण्ठ (2) तालु (3) ओष्ठ (4) मूर्द्धा

125. व्यंजन वर्णों के संबंध में सुमेलित नहीं है—(CET-2023)
(1) ग, घ-स्पर्श व्यंजन (2) च, छ-स्पर्श संघर्षी
(3) य, व-अर्धस्वर (4) श, ष-संघर्षहीन

126. इनमें से असंगत विकल्प का चयन कीजिए—
(1) ई-अग्र, अवृत्तमुखी, संवृत्त (2) ब-अल्पप्राण, ओष्ठ्य, घोष
(3) य-अल्पप्राण, तालव्य, घोष (4) ष-अघोष, अल्पप्राण, मूर्धन्य

127. सुमेलित कीजिए—

(A) मूल स्वर	(क) ख, ढ, फ, स
(B) दीर्घ स्वर	(ख) आ, ई, ऊ, ऐ
(C) अल्पप्राण व्यंजन	(ग) अ, इ, उ, ऋ
(D) अघोष व्यंजन	(घ) य, र, ल, व

(1) A-क, B-ख, C-घ, D-ग (2) A-क, B-ख, C-ग, D-घ
(3) A-ग, B-ख, C-घ, D-क (4) A-ख, B-ग, C-घ, D-क

अध्याय : शब्द-युग्म

एक से अधिक शब्दों का जोड़ा
समान-सा उच्चारण; किंतु अर्थ में व्यापक भिन्नता

वर्गीकरण

1. स्वर/मात्रा में परिवर्तन द्वारा बने शब्द-युग्म :

अद्य – आद्य , अनल – अनिल , कृत – कृति – कृती
(आज) (पहला) (अग्नि) (हवा) (किया हुआ) (रचना) (निपुण)
तरणि – तरणी – तरुणी , भीत – भीति – भित्ति
(सूर्य) (नाव) (युवती) (डरा हुआ) (डर) (दीवार)

2. व्यंजन में परिवर्तन द्वारा बने शब्द-युग्म :

अग – अघ – अह्न , अंश – अंस , अश्व – अश्म
(सूर्य) (पाप) (मूर्ख) (भाग) (कंधा) (घोड़ा) (राख/पत्थर)
तड़ाक – तड़ाग , पाश – पार्श्व , श्याम – साम
(शीघ्र) (तालाब) (बंधन) (निकट) (संध्या) (शांति)

3. विलोम/विपरीतार्थक शब्द-युग्म :

अपकार – उपकार , कृतघ्न – कृतज्ञ
(बुराई) (भलाई) (उपकार मानने वाला) (न मानने वाला)

4. वर्णक्रम/क्रमभंग से बने शब्द-युग्म :

प्रमाण – प्रणाम – परिणाम – परिमाण
(सबूत) (अभिवादन) (नतीजा) (मात्रा/तौल)



परिणत – परिणय – प्रणय – प्रणत – प्रणीत – परिणीत – परिणति
(बदला हुआ) (विवाह) (प्रेम) (झुका हुआ) (रचित) (विवाहित) (समाप्ति)

5. समश्रुत/समोच्चरित भिन्नार्थक शब्द-युग्म :

समान सुनाई/समान उच्चारण देने वाले वे शब्द जो हिंदी भाषा के साथ-साथ अरबी-फ़ारसी भाषा में भी प्रचलित हैं – में अर्थगत भिन्नता दिखाने के लिए नुक़्ता का प्रयोग (क़,ख़,ग़,ज़,फ़ का प्रयोग) किया जाता है।

अर्क – अर्क़ , खाना – ख़ाना , जरा – ज़रा , राज – राज़
(सूर्य) (रस) (भोजन) (स्थान) (बुढ़ापा) (थोड़ा) (शासन) (रहस्य)



सिद्धिमा हिंदी क्लासेज
9828724441

विगत परीक्षाओं में 'शब्द-युग्म' अध्याय से आए प्रश्न

1. **'कृति-कृती'** शब्द-युग्म का सही अर्थ है– **(एलडीसी हाईकोर्ट-2017)**
   (1) किया हुआ–दास (2) काम – खरीदा हुआ
   (3) किया हुआ–खरीदा हुआ (4) रचना – निपुण
2. **'पृथा-प्रथा'** युग्म शब्द का सही अर्थ है–
   (1) कुंती-रीति (2) रिवाज-रीति (3) रीति-रिवाज (4) रीति-कुंती (पांडवों की माता)
3. **'पाप-सूर्य'** का अर्थ प्रदान करने वाला सही शब्द-युग्म है–
   (1) अग-अघ (2) अघ-अग (3) अर्घ्य-अर्घ (4) अर्घ-अर्घ
4. निम्नलिखित में से कौनसा **शब्द-युग्म सही** है?
   (1) अंब-जल — अंबु-माता (2) अविलंब-सहारा — अवलंब-शीघ्र
   (3) आकर-रूप — आकार-खान (4) कुल-वंश — कूल-किनारा
5. निम्नलिखित युग्म-शब्दों के समूह में से **अशुद्ध युग्म** है–
   (1) प्रणय-विवाह, परिणय-प्रेमालाप (2) लक्ष-लाख, लक्ष्य-ध्येय
   (3) विजन-एकांत, व्यंजन-पंखा (4) सुधि-स्मरण, सुधी-समझदार
6. त्रुटिपूर्ण अर्थयुक्त शब्द-युग्म है– **(एलडीसी हाईकोर्ट-2016)**
   (1) अमित-असीम (2) अभिहित-अनुचित (3) अमल-स्वच्छ (4) अपर्ण-पत्रहीन
   अमीत-शत्रु अविहित-कथित अम्बला-लक्ष्मी अपर्णा-पार्वती
7. निम्नलिखित में से सही अर्थयुक्त शब्द-युग्म छाँटिए–
   (1) क्षति-हानि (2) अंब-अवश्य (3) जलज-बादल (4) ग्रन्थि-गाँठ
   क्षिति-दोष अंबु-अभी जलद-कमल ग्रन्थ-पुस्तक
8. निम्नलिखित शब्द-युग्मों में से सही अर्थ किसमें है?
   (1) ऋत (गलत)-ऋतु (मौसम) (2) अलि (भौंरा)-अली (सखी)
   (3) कदम (एक वृक्ष)-कदंब (एक डग) (4) तरणी (सूर्य)-तरुणी (युवती)
9. **'आसन-आसन्न'** शब्द-युग्म का सही अर्थ-भेद है– **(एलडीसी आरपीएससी-2016)**
   (1) बैठने की वस्तु-सुन्न हो जाना (2) सरल-सामने
   (3) बैठने की विधि-निकट आया हुआ (4) बैठक-संकट
10. **'अभिज्ञ-अविज्ञ'** शब्द-युग्म का सही अर्थ कौन-सा है?
    (1) ज्ञानी-निपुण (2) अनजान-जानकार (3) जानकार-अज्ञानी (4) नासमझ-कुशल
11. इनमें से किस विकल्प में समश्रुत शब्द-युग्म का अर्थ-भेद सही नहीं है?
    (1) उद्यत-उद्धत = तैयार-अक्खड़ (2) कर्म-क्रम = कार्य-सिलसिला
    (3) गण-गण्य = समूह-गिनने के योग्य (4) परिणाम-परिमाण = फल-सबूत
12. इनमें से किस विकल्प में समश्रुत शब्द-युग्म का अर्थ-भेद सही है?
    (1) दिवा-दीवा = रात्रि-दीपक (2) वरण-वारण = चुनना-त्यागना
    (3) शूर-सूर = वीर-स्वर (4) व्यजन-व्यंजन = पंखा-पकवान

13. **'अनल-अनिल'** शब्द-युग्म का सही अर्थ है—**(एलडीसी आरपीएससी-2014)**
(1) अग्नि-जल (2) वायु-अग्नि (3) जल-वायु (4) अग्नि-वायु

14. **'अजर-अजिर'** शब्द-युग्म का सही अर्थ है—
(1) आँगन-अजीर्ण (2) देवता-आँगन (3) देवता-अजीर्ण (4) आँगन-देवता

15. **'आदि-आदी'** शब्द-युग्म का सही अर्थ है—
(1) आदिवासी-इत्यादि (2) इत्यादि-आदिवासी (3) प्रारंभ-अभ्यस्त (4) प्रारंभ-आदिवासी

16. **'मरीचि-मरीची'** शब्द-युग्म का सही अर्थ क्या है?
(1) एक राक्षस-प्रकाश (2) किरण-चंद्रमा (3) किरण-सूर्य (4) सूर्य-मृगतृष्णा

17. **'ग्रंथ-ग्रंथी'** शब्द-युग्म का सही अर्थ है— **(एलडीसी आरपीएससी-2011)**
(1) किताब-लेखक (2) किताब-सिखगुरु (3) पुस्तक-गाँठ (4) पुस्तक-वेदपाठी

18. **'आहुत-आहूत'** युग्म शब्द का उपयुक्त अर्थ है—
(1) बुलाना-हवनसामग्री (2) यज्ञ-हवन (3) हवनसामग्री-बुलाना (4) हवनसामग्री-हवन

19. सही अर्थयुक्त शब्द-युग्म नहीं है—(1) इंदु-चंद्रमा, इंद्र-सुरपति
(2) अवधान-सावधान, अवधान-मनोयोग (3) सर्ग-अध्याय, स्वर्ग-देवलोक

20. सही अर्थयुक्त शब्द-युग्म है— (4) यम-मृत्यु के देवता, याम-प्रहर
(1) अशक्त=शक्तिशाली, आसक्त=मोहित (2) द्विप=ब्राह्मण, द्वीप=टापू
(3) परिच्छद=पोशाक, परिच्छेद=विभाग (4) प्रथा=रिवाज, पृथा=पृथ्वी

21. **'अपकार'** का शब्द-युग्म इनमें से क्या है? **(नगर निगम-2016)**
(1) अकार (2) अकारण (3) उपकार (4) सत्कार

22. **'प्रमाण'** का शब्द-युग्म इनमें से क्या है?
(1) प्रणाम (2) माण (3) परिणाम (4) परिमाण

23. **'बात'** का शब्द-युग्म इनमें से क्या है?
(1) वात (2) वाति (3) बाती (4) बीती

24. इनमें से कौनसा शब्द-युग्म **'बेटा'** और **'सारथी'** का बोधक है?
(1) शुत और शूत (2) शुत और सुत (3) शुत और सूत (4) सुत और सूत

25. अशुद्ध अर्थयुक्त युग्म शब्द वाला विकल्प है— **(ग्रामसेवक-2016)**

(1)	शालि = चावल शाली = काला जीरा,	झक = सनक झख = मछली,	चंचल = अस्थिर चंचला = लक्ष्मी
(2)	कुट = घर कूट = पर्वत की चोटी,	किंकिर = कोकिल किंकिनी = करधनी,	कास = लंबी घास काँस = खाँसी
(3)	परमान्न = खीर प्रमाण = सबूत,	उर = हृदय उरू = जंघा,	तर्क = दलील तक्र = छाछ
(4)	परावर्त = अदला-बदली परावृत्त = लौटा हुआ,	परि = आसपास परि = अप्सरा,	परिखा = खाई परीक्षा = इम्तहान

26. **'अवधि-अवधी'** शब्द-युग्म का सही अर्थ है— **(कनि.लेखाकार-2016)**
(1) शहर का नाम - समय (2) समय - हिंदी की एक उपभाषा
(3) समय - शहर का नाम (4) हिंदी की एक उपभाषा - समय

27. **'अजर-अजिर'** शब्द-युग्म का अर्थ है—
(1) अजन्मा-पृथ्वी (2) अक्षय-नष्ट (3) जो वृद्ध नहो-आँगन (4) वृद्ध - अमर

28. **'शुचि-शाचि'** शब्द-युग्म का सही अर्थ है—
(1) पवित्र-इन्द्राणी (2) प्रातः-रात्रि (3) सूची-तिथि (4) सूर्य-रश्मि

29. किस वर्ग में शब्द का सही अर्थ है? **(कनिष्ठ लेखाकार-2015)**
(1) अनिष्ठा-बुरा (2) अव्यय-अंग (3) आद्य-आज (4) ईति-दैविक आपदा

30. इनमें से किस वर्ग में शब्द का सही अर्थ है?
(1) ब्याज-बहाना (2) विरुद-खिलाफ (3) शची-इंद्राणी (4) हरी-विष्णु

31. किस शब्द-युग्म के अर्थ में व्यतिक्रम है? **(कनि.लेखाकार-2013)**
(1) अलि-सखी; अली-भौंरा (2) उद्धत-उद्दण्ड; उद्यत-तैयार
(3) ऋत-सत्य; ऋतु-मौसम (4) दीठ-दृष्टि; ढीठ-निडर

32. 'अनल-अनिल' शब्द-युग्म का सही अर्थ है- (उपकारागार अधीक्षक-2016)
(1) अग्नि-वायु (2) जल-वायु (3) वायु-अग्नि (4) वायु-जल

33. 'आभरण-आमरण' शब्द-युग्म का सही अर्थ क्या है?
(1) भरणपोषण-अनशन (2) आभूषण-अनशन (3) जीवनपर्यंत-आभूषण (4) आभूषण-मरणपर्यंत

34. किस शब्द-युग्म का अर्थ सही नहीं है?
(1) अवधि-अवधी=एकभाषा-समयसीमा (2) जलज-जलद=कमल-बादल
(3) गृह-ग्रह=घर-आकाशीय पिण्ड (4) श्वेत-स्वेद=सफेद-पसीना

35. इनमें से किस शब्द-युग्म का अर्थ सही नहीं है?
(1) अजर-अजिर=आँगन-देवता (2) क्रम-कर्म=सिलसिला-कार्य
(3) दिन-दीन=दिवस-गरीब (4) द्विप-द्वीप=हाथी-टापू

36. 'अभिराम-अविराम' युग्म का अर्थ है- (पटवार (मुख्य)-2016)
(1) एकत्र-बिनारुके (2) बिनारुके-एकत्र (3) लगातार-सुंदर (4) सुंदर-लगातार

37. कौनसा शब्द-युग्म सही है? (पटवार (प्रा.)-2016)
(1) निर्झर-झरना, निर्जर-देवता (2) नीर-जल, नीड़-मकान
(3) नीरज-बादल, नीरद-कमल (4) मूल-जड़, मूल्य-माप

38. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द-युग्म सही है?
(1) प्रसाद-भोग, प्रसाद-चारदीवारी (2) बल-शक्ति, बल-पत्थर
(3) मेघ-बादल, मेघ-यज्ञ (4) रंक-राई, रंक-वर्ण

39. 'तरणि-तरणी' शब्द-युग्म का सही भेद है- (कृषि अधिकारी-2016)
(1) नाव-युवती (2) युवती-नाव (3) युवती-सूर्य (4) सूर्य-नाव

40. 'सुधा-क्षुधा' शब्द-युग्म का सही अर्थ-भेद है—
(1) अमृत-भूख (2) चूना-पीड़ा (3) पृथ्वी-प्यास (4) स्वर्ग-उन्माद

41. इनमें से किस शब्द-युग्म का अर्थ-भेद सही है?
(1) कृतज्ञ-कृतघ्न=आलसी-आलसी (2) गेय-ज्ञेय=गाने योग्य-परिचित
(3) वसन-व्यसन=वस्त्र-बुरी आदत (4) प्रवाद-प्रमाद=झगड़ा-मोह

42. निम्न में से किस शब्द-युग्म का अर्थ-भेद अशुद्ध है?
(1) दिवा-दीवा=दिन-दीपक (2) मात्र-मातृ=केवल-माता
(3) शम-सम=शांति-बराबर (4) क्षिति-क्षति=आकाश-हानि

43. 'अभिराम-अविराम' शब्द-युग्म का अर्थ है- (कृषि अधिकारी-2019)
(1) अच्छा-लगातार (2) राम-लगातार (3) लगातार-सुंदर (4) सुंदर-लगातार

44. 'अम्बुज-अम्बुधि' शब्द-युग्म का अर्थ है—
(1) कमल-सागर (2) कुसुम-जलाशय (3) पुष्प-पानी (4) सुमन-सरोवर

45. 'तरणी-तरणि' शब्द-युग्म का अर्थ है—
(1) नाव-स्त्री (2) नाव-सूर्य (3) स्त्री-सूर्य (4) स्त्री-नाव

46. 'श्रवण-श्रमण' शब्द-युग्म का अर्थ है—
(1) कान-घूमना (2) काम-सुनना (3) संन्यास-वैराग्य (4) सुनना-बौद्ध संन्यासी

47. 'अंबुज-अंबुद' शब्द-युग्म का अर्थ-भेद है- (सहा. कृषि अधि.-2019)
(1) कमल-बादल (2) कमल-सागर (3) भ्रमर-वारिद (4) माता-बादल

48. 'अभिज्ञ-अविज्ञ' शब्द-युग्म का अर्थ-भेद है—
(1) अनचाहा-निष्ठाहीन (2) गहरा-उथला (3) जानकार-मूर्ख (4) बेकार-शीघ्र

49. 'आज-पहला' अर्थ-भेद का सही शब्द-युग्म है—
(1) अद्य-आद्य (2) अवधि-अवधी (3) असन-आसन (4) आदि-आदी

50. 'तरणि-तरणी' शब्द-युग्म का सही अर्थ-भेद है—
(1) तरुणी-तरंग (2) तीक्ष्ण-स्त्री (3) युवती-नौका (4) सूर्य-नौका

51. 'पास-पाश' शब्द-युग्म का अर्थ है—
(1) निकट-प्रेम (2) निकट-बंधन (3) फंदा-कठोर (4) समीप-पवित्र

52. 'उदर' का अर्थ 'पेट' है तो 'उदक' का अर्थ होगा— (JLO-2014)
(1) पाणि (2) पानी (3) प्रेरणा (4) व्यर्थ

53. 'अजर-अजिर' शब्द-युग्म का सही अर्थ क्या है? (MVSI-2014)
(1) आँगन-देवता (2) अजीर्ण-देवता (3) देवता-अजीर्ण (4) देवता-आँगन

54. 'आदि-आदी' शब्द-युग्म का सही अर्थ क्या है?
(1) अभ्यस्त-आरंभ (2) आदिवासी-इत्यादि (3) आरंभ-अभ्यस्त (4) इत्यादि-आदिवासी

55. इनमें से किस शब्द-युग्म का अर्थ सही नहीं है?
(1) अचल-अचला=पर्वत-पृथ्वी (2) अनल-अनिल=हवा-अग्नि
(3) अभिराम-अभिराम=निरंतर-सुंदर (4) कुल-कूल=वंश-किनारा

56. इनमें से किस शब्द-युग्म का अर्थ सही नहीं है?
(1) क्रम-कर्म=सिलसिला-काम (कार्य) (2) दिन-दीन=दिवस-गरीब
(3) द्विप-द्वीप=हाथी-टापू (4) तरणि-तरणी=नाव-सूर्य

57. इनमें से किस शब्द-युग्म का अर्थ गलत है?
(1) दूत-द्यूत=संदेशवाहक-जुए का खेल (2) मेल-मैल=मिलन-गंदगी (मलिनता)
(3) शोक-शौक=खेद-रुचि (4) श्रवण-श्रमण=कान-सुनना

58. 'तरि' का शाब्दिक अर्थ है— (MVSI-2018)
(1) गीलापन (2) तरना (3) तैरना (4) नाव

59. 'कंधा' शब्द का सही अर्थ है— (1) अंश (2) अंष (3) अंस (4) अक्ष

60. 'वर्ष' के लिए शुद्ध शब्द है— (1) अब्ज (2) अब्द (3) अर्श (4) अर्ह

61. 'अवलम्ब-अविलम्ब' शब्द-युग्म का ठीक अर्थ है—
(1) आधार-लम्बवत (2) आश्रय-दूर (3) शीघ्र-सहारा (4) सहारा-शीघ्र

62. 'कोढ़ी' का अर्थ है— (PSI-2011)
(1) एक तरह का घोंघा (2) बीस की संख्या
(3) एक तरह का कनेर का फल (4) कुष्ठ रोगी

63. 'कुच-कूच' युग्म का सही अर्थ है—
(1) उरोज-प्रस्थान (2) उरोज-सेना (3) स्तन-कली (4) सेना-स्तन

64. 'इति-ईति' युग्म का सही अर्थ है—
(1) प्रारंभ-विघ्न (2) विघ्न-समाप्त (3) समाप्त-विघ्न (4) समाप्त-शुभ

65. 'सम-शम' युग्म का सही अर्थ वाला युग्म है—
(1) चावल-शांति (2) शांति-चावल (3) शांति-मोक्ष (4) समान-मोक्ष

[redacted]

66. इनमें से किस वर्ग में शब्द का सही अर्थ है? (APO-2015)
(1) दूती-चमक (2) शम-शांति (3) प्रेय-पीने योग्य (4) वसन-बुरी आदत

67. इनमें से किस वर्ग में शब्द का सही अर्थ है?
(1) अघ-पाप (2) अवधी-सीमा (3) प्रथा-कुंती (4) पुष्कल-तीर्थ

68. इनमें से किस वर्ग में शब्द का गलत अर्थ है?
(1) कंथा-गुदड़ी (2) कुच-प्रस्थान (3) कृत-किया हुआ (4) केत-घर

69. किस शब्द-युग्म का अर्थ-भेद सही नहीं है?
(1) अभिज्ञ-अविज्ञ=जानकार-मूर्ख (2) सम-शम=समान-लज्जा
(3) आवरण-आभरण=पर्दा-आभूषण (4) सुत-सूत=पुत्र-धागा

70. किस विकल्प में शब्द-युग्म का सही अर्थ-भेद नहीं है?
(1) अभिज्ञ-अविज्ञ=नासमझ-मूर्ख (2) आदि-आदी=प्रारंभिक-आदत वाला
(3) प्रेषक-प्रेक्षक=भेजनेवाला-देखनेवाला (4) लक्ष-लक्ष्य=लाख-उद्देश्य

71. किस विकल्प शब्द-युग्मों का अर्थ-भेद (व.अ.-विशेष शिक्षा-2018)
सुमेलित नहीं है? (1) स्वर्ण-सवर्ण = उच्च वर्ण का-सोना (4.7.19)
(2) दिवा-दीवा=दिन-दीया (3) नियत-नियति=निश्चित-भाग्य (4) शुक-शुक=जो-सुग्गा

72. किस विकल्प में शब्द-युग्म का अर्थ-भेद सही है? (संरक्षण अधिकारी)
(1) अघ-अग=पाप-पर्वत (2) कच-कुच=बाल-सेना (PO-2018) 19.5.19
(3) कथा-कंथा=कहानी-पान मसाला (4) चीर-चिर = तोड़ना-वस्त्र

73. 'गृह-ग्रह' शब्द-युग्म का अर्थ-भेद है: (AAO-2018-31.5.2019)
(1) घर-तारा (2) घर-सूर्यग्रहण (3) तारा-घर (4) सूर्य-तारा

74. निम्नलिखित में से 'मैल-मैल' शब्द-युग्म का सही अर्थ-भेद है:
(1) एकता-गंदगी (2) गंदगी-एकता (3) मैला-कुचैला (4) स्वभाव-आदत

75. निम्नलिखित में से 'विद्या-विधा का सही अर्थ-भेद कौनसा है?
(1) ढंग-ज्ञान (2) रीति-ज्ञान (3) ज्ञान-ढंग (4) ज्ञान-विज्ञान

76. निम्नलिखित में से 'शिरा-सिरा' शब्द-युग्म का सही अर्थ-भेद है:
(1) छोर-नाड़ी (2) नाड़ी-छोर (3) सिर-हलुआ (4) हलुआ-सिर

77. 'सुमन-सुअन' शब्द-युग्म का अर्थ-भेद है:
(1) पुष्प-जंगल (2) पुष्प-पुत्र (3) पुष्प-सुगंध (4) पुष्प-हनुमान

78. किस शब्द-युग्म का अर्थ-भेद सुमेलित नहीं है? (व.अ.-संस्कृत शिक्षा
(1) उदार-उदधार = दानशील-दयालु-तारना, भलाकरना 2018-20.2.2019)
(2) अविराम-अभिराम = निरंतर-सुंदर (3) द्विप-द्वीप = हाथी-टापू
(4) अवधि-अवधी = एक भाषा-समय सीमा

79. किस शब्द-युग्म का अर्थ-भेद सही नहीं है? (I ग्रेड-2015)
(1) अंश-अंस = हिस्सा-कंधा (2) तरंग-तुरंग = लहर-घोड़ा 24.7.2016
(3) अचल-अचला = पर्वत-नारी (4) अनिष्ट-अनिष्ठु = बुरा-निष्ठाहीन

80. 'जरठ-जठर' शब्द-युग्म का अर्थ है- (II ग्रेड-1.7.2017)
(1) जड़ीबूटी-शरीर (2) वृद्ध-ज्वाला (3) जवान-पेट (4) बूढ़ा-पेट

81. किस विकल्प में युग्म-शब्द का अर्थ-भेद सही नहीं है?
(1) ग्रह-गृह = नक्षत्र-घर (2) प्रेक्षक-प्रेषक = भेजनेवाला-देखनेवाला
(3) दिन-दीन = दिवस-असहाय (4) अभिराम-अविराम = सुंदर-लगातार

82. 'रिक्त-रिक्थ' शब्द-युग्म का सही अर्थ-भेद है- (JLO-27.10.19)
(1) खाली-ऋण (2) दायभाग-खोखला (3) शून्य-रीति
(4) खाली-उत्तराधिकार में प्राप्त धन-संपत्ति

83. किस समश्रुत शब्द-युग्म का अर्थ-भेद सुमेलित नहीं है?
(1) अतल-अतुल = तलरहित-अनुपम (2) कर्म-क्रम = सिलसिला-कार्य
(3) चिर-चीर = सदा रहने वाला-वस्त्र (4) प्रहार-परिहार = चोट-परित्याग

84. इनमें अर्थ की दृष्टि से त्रुटिपूर्ण शब्द-युग्म है- (RJS-2018)

(1)	अभिराम - सुंदर अविराम - लगातार	(2)	निर्जर - देवता निर्झर - झरना
(3)	प्रसाद - कृपा प्रासाद - महल	(4)	षष्टि - छह षष्ठी - साठ

85. **'अनल-अनिल'** शब्द-युग्म का सही अर्थ-भेद है: **(AAO,25.04)**
(I) आग-हवा (II) पानी-हवा (III) हवा-आग (IV) हवा-पानी

86. **'निर्जर-निर्झर'** शब्द-युग्म का सही अर्थ-भेद है:
(I) झरना-देवता (II) देवता-झरना (III) बूढ़ा-युवा (IV) युवा-बूढ़ा

87. किस शब्द-युग्म का अर्थ-भेद सही नहीं है?
(I) अचल-अचला = पर्वत-पृथ्वी (II) निर्माण-निर्वाण=रचना-मोक्ष
(III) नियत-नियति=निश्चित-भाग्य (IV) पुरुष-पुरुष=पुरुषार्थ-मनुष्य

88. इनमें से किस शब्द-युग्म का अर्थ-भेद सही नहीं है?
(I) अन्न-अन्य=अनाज-दूसरा (II) ग्रह-गृह=घर-आकाशीय पिंड
(III) जलद-जलज=बादल-कमल (IV) दग्ध-दुग्ध=जला हुआ-दूध

89. निम्नांकित में से किस शब्द-युग्म का अर्थ-भेद सुमेलित नहीं है?
(I) अभय-उभय=निडर-दोनों (II) चालक-चालाक=चलाने वाला-चतुर
(III) गण-गण्य=मान्य-समूह (IV) निश्चल-निश्छल=अडिग-छलरहित

90. **'अजर-अजिर'** शब्द-युग्म का सही अर्थ है: **(AAO,29.04.18)**
(I) अमर-अजीर्ण (II) आँगन-देवता (III) देवता-आँगन (IV) वृद्धावस्था-अजीर्ण

91. निम्नांकित शब्द-युग्मों में से क्रमशः **'बिलकुल नया'** एवं **'नाट्य क्रीड़ा'** का आशय प्रकट करने वाला शब्द-युग्म है: (I) अनुभव-अभिनय
(II) अभिनय-अभिनव (III) अभिनव-अनुभव (IV) अभिनव-अभिनय

92. क्रमशः **'सुई'** और **'स्वच्छ'** अर्थ प्रकट करने वाला शब्द-युग्म निम्न में से कौनसा है? (I) शुचि-सूची (II) सुचि-सूची (III) सूची-सूचि (IV) सूचि-शुचि

93. इनमें से किस शब्द-युग्म का अर्थ-भेद सही नहीं है?
(I) अभिज्ञ-अविज्ञ=जानकार-मूर्ख (II) दिन-दीन=दिवस-गरीब
(III) अवधि-अवधी=एक भाषा-समय सीमा (IV) द्विप-द्वीप=हाथी-टापू

94. किस शब्द-युग्म का अर्थ-भेद गलत है?
(I) आमरण-आभरण=मृत्युपर्यंत-आभूषण (II) कटक-कंटक=सेना-काँटा
(III) अविराम-अभिराम=सुंदर-निरंतर (IV) पेय-प्रेय=पीने की वस्तु-प्रिय

95. किस शब्द-युग्म का अर्थ-भेद सही नहीं है?
(I) जलज-जलद=बादल-कमल (II) पास-पाश=नजदीक-बंधन
(III) शुल्क-शुक्ल=फीस-श्वेत (IV) सर्वथा-सर्वदा=सब प्रकार से-हमेशा

96. इनमें से कौनसे शब्द-युग्म का अर्थ-भेद सुमेलित नहीं है?
(I) तरंग-तुरंग=लहर-घोड़ा (II) पथ-पथ्य=रास्ता-स्वास्थ्यप्रद आहार
(III) तरणी-तरुणी=युवती-नाव (IV) प्रसाद-प्रासाद=अनुग्रह-भवन

97. **'अभिज्ञ-अविज्ञ'** का उचित शब्द-युग्म है: **(एलडीसी, 12.08.18)**
(I) जानकार-मूर्ख (II) मूर्ख-पंडित (III) विद्वान-भाषाविद् (IV) विधायक-श्रेष्ठ

98. किस क्रमांक में **'इन्दिरा-इन्द्रा'** शब्द-युग्म का सही अर्थ-भेद है?
(I) अर्थ - नाम (II) इन्द्र की पत्नी शची - लक्ष्मी
(III) अर्थ - लक्ष्मी (IV) लक्ष्मी - इन्द्र की पत्नी शची

99. **'जलद-जलज'** शब्द-युग्म का अर्थ है:
(I) कमल-बादल (II) कमल-पंक (III) कमल-मोती (IV) बादल-कमल

100. **'निशाकर-निशाचर'** शब्द-युग्म का सही अर्थ है:
(I) चंद्रमा-राक्षस (II) राक्षस-चंद्रमा (III) रात-दिन (IV) विचरण-निशि

101. **'स्मरण'** और **'विद्वान'** शब्दों के लिए उचित विकल्प चुनिए:
(I) सुधि-सुधी (II) सुधी-सुधि (III) याददाश्त-सुधि (IV) विद्युत-विद्वत

102. शब्द-युग्म **'अम्बुज'** और **'अम्बुधि'** में **'अम्बुज'** का अर्थ है **'कमल'** तो **'अम्बुधि'** का अर्थ होगा: **(एलडीसी, 19.08.18)**
(I) गुलाब (II) तालाब (III) नदी (IV) सागर

103. **'उत्पल-उत्पल, उर-ऊरु'** शब्दों के उचित शब्द-युग्म बताइए:
(I) उचित-कमल, भीतर-बाहर (II) कमल-पाषाण, जाँघ-पेड़
(III) पत्थर-कमल, हृदय-जाँघ (IV) बादल-घड़ा, मन-पेट

104. किस विकल्प में **'कृति-कृती'** का सही अर्थ-भेद है:
(I) निपुण, रचना (II) रचना, चतुर (III) संपन्न, श्रद्धेय (IV) श्रद्धेय, संपन्न

105. **'नीर-नीड़'** शब्द-युग्म का अर्थ है:
(I) जल-घोंसला (II) नदी-भवन (III) पानी-घर (IV) बादल-वृक्ष

106. **'पुर-पूर'** शब्दों के लिए सही अर्थ-युग्म चुनिए:
(I) नगर-गाँव (II) नगर-बाढ़ (III) नगर-महल (IV) बाढ़-नगर

107. **'अनल-अनिल'** शब्द-युग्म का अर्थ है- **(एलडीसी, 9.9.18)**
(I) आग-ऊष्मा (II) आग-तेज (III) आग-हवा (IV) हवा-आग

108. किस विकल्प में **'कुट-कूट'** शब्द-युग्म का सही अर्थ-भेद है?
(I) घर-पहाड़ की चोटी (II) तट-वंश (III) परिवार-योग (IV) योग-परिवार

109. **'प्रवार-प्रवाल'** शब्द-युग्म का सही अर्थ-युग्म है-
(I) दीवार-मोती (II) पन्ना-दीवार (III) मूंगा-वस्त्र (IV) वस्त्र-मूंगा

110. **'भारती-भारतीय'** शब्द-युग्म का सही अर्थ-भेद है-
(I) पार्वती-भारतवासी (II) भारतमाता-भारतवासी
(III) भारतवासी-सरस्वती (IV) सरस्वती-भारतवासी

111. किस विकल्प में शब्द-युग्म का सही अर्थ-भेद है?

(I) अग्र-अगर=आगे-धूपबत्ती (II) अंतर-अतर=इत्र-भेद
(III) अनल-अनिल=हवा-अग्नि (IV) तरणि-तरणी=नाव-सूर्य

112. **'अन्न-अन्य'** शब्द-युग्म का अर्थ है— **(एलडीसी, 16.09.18)**
(I) अग्नि-जल (II) अनाज-दूसरा (III) देवता-आँगन (IV) हवा-आग

113. **'कांता-कांतार'** शब्द-युग्म का अर्थ है— (I) घर-बहन
(II) जंगल-सुंदर स्त्री (III) सुंदर स्त्री-जंगल (IV) बहन-घर

114. **'कोष-कोश'** शब्द-युग्म का सही अर्थ है— (I) खज़ाना-दूरी
(II) खज़ाना-शब्दों का संग्रह (III) शब्दों का संग्रह-खज़ाना (IV) दूरी-खज़ाना

115. **'तम-तमा'** शब्दों के लिए सही युग्म है— (I) अंधकार-रात्रि
(II) प्रत्यय-रात्रि (III) रात्रि-सबसे अधिक (IV) रात्रि-स्त्री

116. निम्न में से **'भीति-भित्ति'** शब्द-युग्म का सही अर्थ-भेद है—
(I) आकाश-दीवार (II) डर-दीवार (III) नौकर-डर (IV) भय-धरती

117. **'अमित-अमीत'** शब्द-युग्म का अर्थ है— **(एलडीसी RU, 2018)**
(I) कम-मित्र (II) बहुत-शत्रु (III) शत्रु-कम (IV) शत्रु-मित्र

118. **'पदत्राण-परित्राण'** शब्द-युग्म का क्रमशः अर्थ है—
(I) काँटा-मुक्ति (II) जूता-रक्षण (III) पैदलयात्रा-मुक्ति (IV) रक्षण-काँटा

119. **'आभरण-आमरण'** शब्द-युग्म का अर्थ-भेद है— **(PSI, 7.10.18)**
(I) आभूषण-अनशन (II) आभूषण-मरणपर्यन्त
(III) भरण-पोषण-जीवनपर्यंत (IV) मृत्युपर्यन्त-आभूषण

120. अर्थभेद की दृष्टि से समश्रुत भिन्नार्थक शब्द-युग्म का कौनसा विकल्प सही है? (I) अवधि-अवधी=एक भाषा, समय-सीमा
(II) अपत्य-अपथ्य=संतान, जो बीमार के लिए उपयुक्त न हो
(III) ग्रह-गृह=घर, नक्षत्रादि आकाशीय पिंड (IV) जलद-जलज=कमल, बादल

121. **'उपल-उत्पल'** शब्द-युग्म का अर्थ है— **(प्रधानाध्यापक, 2.09)**
(I) उपला-पत्थर (II) उपला-कमल (III) कमल-पत्थर (IV) पत्थर-कमल

122. **'चपल-चपला'** शब्द-युग्म का अर्थ है— **(द्वि.श्रे. अध्यापक, 2.11.18)**
(I) चंचल-बिजली (II) बिजली-चंचल (III) बिजली-लक्ष्मी (IV) लक्ष्मी-अधीर

123. निम्नांकित में से **(द्वि.श्रे. अध्यापक-विशेष शिक्षा, 2015)**
किस शब्द-युग्म का अर्थ-भेद सुमेलित नहीं है? **(19.02.2018)**
(I) ग्रह-गृह=नक्षत्र-घर (II) दिन-दीन=दिवस-दयनीय
(III) नर-नार=पुरुष-स्त्री (IV) प्रेषण-प्रेक्षण=देखना-भेजना

